श्री सुरेन्द्र सिंह : स्पीकर साहब, सरकार की लग्न इस मामले में बहुत ज्यादा है । मै आपके द्वारा हरियाणा सरकार से निवेदन करूंगा कि जो स्टैड 8 तारीख को था, वह अव बदल चुका है । पंजाब की सरकार का जो स्टैड है, जैसा कि प्रेस से जाहिर है, उसको मद्दें – नजर रखने हुए हरियाणा सरकार को चाहिए कि– वह केन्द्र से बात करे और पंजाब के ची मिनिस्टर को आदेश दिलाए कि वे पंजाब की असैम्बली में इस बासं को क्लीयर करें । (विघ्न)

Mr. Speaker : Please sit down. As far as the question of this alignment of the Canal is concerned, I have the highest regards for any Minister of Punjab and especially Shri Kanshi Ram who is a great friend of mine. But I see no reasons why the Hon'ble Members should believe the Press reports and the Minister of Punjab and not our own Minister and the Chief Minister. जहां तक चौधरी राम लाल वधवा की ऐडजर्नमैंट मोशन और डा ० मंगल सेन की प्रिवलेज मोशन का ताल्लुक है, वे क्वैश्चन आवर के टाईम में मुझे पुट–अप हुए थे लेकिन मैं दोनो साईड में अटैन्शन नही दे सकता था । मैं जाकर उन्हे एग्जामिन करूंगा और उनके ऊपर अपना डिसिजन दूगा ।

श्री मूल चन्द जैन : मेरा भी एक काल अटैन्शन मोशन था ।

Mr. Speaker : I will examine that also. So far as I am concerned, I will take my decision in an impartial manner. I am not interested in anybody's obtaining political mileage out of this. It is only a question which is in the best interest of Haryana State that will he the

guiding principle at the back of my decision.

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, यह बात तो आपने बड़ी गलत कह दी कि हमने पोलिटिकल प्वायंट आफ व्यू से इस मामले कौ उठाया है ।

Mr. Speaker : How do you say that I meant you I must object to this. चौधरी राम लाल जी, आप मेरे इन रिमार्क्स को अपने ऊपर क्यों ले रहे हैं? My remarks equally applied to this side (Treasury Benches) also.

चौधरी राम लाल वधवा : मोशन मेरा है ।

श्री अध्यक्ष : मैंने तो यह कहा है कि डिसिजन लेते वक्त मैं किसी को पोलिटिकल माइ लेज नही लेने दूगा । इन्होंने कहा है कि इन्होंने अलाइनमैंट का फैसला ले लिया है लेकिन मुझे अगर ऐसा लगा कि यह गलत बात है तो मैं आपकी मोशन को एडमिट कर लूगा परन्तु अगर इनकी यह बात सही निकली कि कुमारी सरला प्राशर की अनफार्चुनेट डैथ की वजह से वहां की छुट्टी होने के कारण लैटर डिलिवर नहीं हो सका और दोनों स्टेटस की अलाइनमैंट कें बारे में रजामंदी है तो मैं उसके मुताबिक अपना फैसला दूंगा ।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, यह भी तो आप देखे कि 8 तारीख को चिट्ठी आई थी और 22 को इन्होंने जवाब दिया है ।

चौधरी भजन लाल : एक एक चीज को देखकर जवाब दिया है ।

श्री मूल चन्द जैन : फिर किस मुंह से आपने यह एलान किया था कि अलाइनमेंट फाइने– लाइज हो गई है ।

श्री बलदेव तायल : स्पीकर साहब, इस सारी बात का एक ही कक्स है । जहां तक हरियाणा का सवाल है, चौधरी देवी लाल के टाईम पर भी काम करने को तैयार थे कि यह केनाल बकायी जाये लेकिन बार–बार पंजाब गवर्नमैंट रोडे अटका रही थी और पंजाब सरकार ने अब तक हरियाणा गवर्नमैंट को कोई रसीद नहीं दी । उन्होंने हरियाणा गवर्नमैंट को कन्कैन्स नही दी । यह जो चिट्ठी चीफ इंजीनियर्ज की है, इसमें दोनो चीफ इंजीनियर्ज का फैसला हुआ है । पंजाब के चीफ इंजीनियर्ज ने कही नही लिखा कि पंजाब गवर्नमैंट ने अलाइनमैंट के लिए अपनी कन्क्रैन्स या अप्रुवल दे दी है । They have only asked for the concurrence and approval of the Haryana Government and after this is received by the Punjab Government, they may decline it. If the agreement between them was final and binding there was no necessity for asking the Haryana Governmerit concurrence. This letter clearly shows that the agreement arrived amongst the Chief Engineers is not final and that the concurrence of the Punjab Government is required. There is no mention that the Punjab Government has approved that decision. (Interruptions and Noise).

चौधरी भजन लाल : मुख्यमंत्रियों की भी इस मामले में मीटिंग हुई है । (शोर)

Mr. Speaker : Zero hour is over.

ध्यानाकर्षण सुचना

जे० एल० एन नहर के कुछ पहुंच क्षेत्रों में अधिक पानी रिसने तथा लीक होने से हुई फसलों की हानि सम्बन्धी

श्री अध्यक्ष : मुझे श्री हरस्वरूप बूरा तथा अजीत सिंह, एम०एल० एज० की तरफ से जवाहर लाल नेहरु कैनाल, भिवानी सब–ब्रान्च तथा काहनौर सब–ब्रान्च के कुछ पहुंच क्षेत्रों में अधिक पानी रिसने तथा लीक करने के मुतलिक काल अटैन्शन लोशन के नोटिस मिले हैं । मैं उसे मंजूर करता है । आनरेबन मैम्बर श्री हरस्वरूप बूरा कृपया अपना नोटिस पढ़ दें और मन्त्री महोदय (गुमका यदि जवाब आज देना चाहें तो दे दें ।

चौधरी हर स्वरूप बूरा (मेहम): मैं इस महान् सदन के ध्यान में जवाहर लाल नेहरु नहर, भिवानी सब–ब्रान्च तथा काहनौर सब–ब्रान्च के कुछ पहुच क्षेत्रों में अधिक पानी रिसने तथा लीक करने के संबंध में एक अत्यावश्यक लोक महत्व का मामला लाना चाहता हूं । इन नहरों के साथ लगती हुई किसानों की जमीन तीन से दस एकड़ तक 6'' से बढ़ कर 2' तक काफी पानी से भर गई है । यह समस्या विशेषतया बेरी तथा मेहम निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत गंभीर हए । यह अधिक पानी रिसना तथा लीक करना इसलिये शुरु हुआ है क्योंकि घटिया सामान अर्थात् पीली ईटें, कम सीमेंट, रेतीली मिट्टी तथा घटिया कारीगरी का प्रयोग किया गया

हए और अच्छी प्रकार से कुट्टाई नही की गई है । यह उन किसानों के लिये, जिसकी भूमि रिसने तथा लीक करने की पहुंच में आती है, एक भारी तथा गंभीर समस्या है । मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि आने वाले समय में ऐसी लीकेज तथा रिसने को रोकने के लिये फौरन कदम उठाये जाये ताकि प्रभावित किसानों को बचाया जा सके तथा पीड़ित किसानों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाये तथा इस प्रकार से पानी के रिसने और लीक करने को हमेशा के लिये रोकने या कम करंने के कदम उठाये जायें । मैं राज्य सरकार से विधान सभा के चालू सत्र में, जब कमी सरकार को सुविधाजनक हो, उत्तर देने के लिये निवेदन करता हूं ।

चौधरी अजीत सिंह (बेरी) : जवाहर बाल नेहरु नहर लगभग समस्त हरियाणा को पार करती है । पिछले कई दिनों करनाल के पास दरार आने से कई हजार एकड़ फसलें जलमग्न रो गई ।

दरार आकर टूटने, चूहो के बिलो से रिसने, उलझने तथा रिसने के कारण किसानों हजारों एकड़ फसल नष्ट हो जाती है । हजारो एकड में पानी सूखता ही नही और वहां पटेरा उग गया है । करनाल के पास के गांवो में व रोहतक मे गोच्छी, बिसान, बेरी, दुबलधन, धांधलान। अच्छेज, पहाडीपुर तथा मातनहेल गांवों में उपरोक्त समस्या पिछले लगभग 6 वर्षो से किसानो के आडे आ रही है ।

उपरोक्त समस्या से हरियाणा के हजारो किसानों को करोड़ों रुपयों की क्षति प्रति वर्ष हो रही है जिसके परिणामस्वरूप किसानों में असतोष स्वभाविक ही है क्योकि क्षतिपूर्ति हेतु भविष्य में इस समस्या के निपटान हेतु सरकार ने कोई कारगर कदम ही उठाया है ।

यह एक अति जन महत्व कों प्रश्न है । कृपया सरकार चालू सत्र में इसका जवाब दे ।

वक्तव्य–

सिंचाई तथा बिजली मंत्री द्वारा उक्त ध्यानाकर्षण सूचना संबंधी

Irrigation & Power Minister (Sardar Tara Singh) : Bhiwani Sub Branch and Kahnaur Sub Branch were unlined channels and have recently been lined under the World Bank project. The work on these is according to standard specification and lining of these channels will result in reduction of seepage. The water logging along these canals was only on account of seepage from previous unlined channels and low lying area where rain water also collects. With the lining of these canals, the condition is likely to improve. The J.L.N. Canal does not pass near Karnal and no damage has been caused in this district from this Canal. J.L.N.

Feeder is a lined channel and it cannot give so much seepage as the water collected in the area of villages Gochhi, Bisan, Beni, Dubaldhan, Dhandhlan, Achej, Paharipur and Matanhail in the Rohtak district indicates. With lining of unlined channels in the area of Beri and Meham constituencies, the condition of water logging is likely to improve. In fact there is a water logging problem along this canal in the Beni and Meham area, in low lying reaches having no drainage outlets, being of localised bowl type. The matter has been-investigated and it has been found that this water logging is mainly due to collection of rain water from season to season, in low lying area, seepage from unlined Jhajjar Sub Branch and other distributaries and water-courses in this area and some seepage from JLN Canal (a seepage 2 cs. per mil. sq. ft. of lined channel is usual and permissible). Investigations have revealed that the soil strata in this area is such that there is a hard layer of kankar and clay underneath top soil at depths varying from 1 mtr. to 3 mtr., which does not allow the surface water to percolate to the lower sub soils and, therefore, waterloaging is being caused and is a natural continuous process. In this area the sub soil water level has risen by as much as 35' from 1955 to 1980-a period of 25 years and is now within 10' to 15' depth below the ground generally in the entire area of Rohtak and Jhajjar.

The J.L.N. Canal came in operation for the first time only recently i.e. in the year 1979-80 and that also with very low discharges and for restricted short periods at long intervals. As this canal is a lined canal and has run for very short periods and with low discharges, from 200 cs. to 1503 cusecs against its authorised capacity of 3654 cusecs; hence the water logging condition cannot be attri buted to this canal. This is further supported from the fact that water-logging conditions in these low lying areas along the canal were prevailing even at the time of construction of the banks of this canal in the year 1976-77 and it was on account of the land adjoining the canal being covered with water that the earth for its banks had to be brought from distant tibbas.

11.00

The quality of work has also been got investigatedand it is found to be generally in order except in a few patches where some defects have been found and corrective measures are already in hand. However, these defects are such which do not lead to excessive seepage from the canal, to which water-logging/rise of ground water level in general could he attributed.

As an immediate measure, water -standing in the low lying fields of the cultivators is being pumped out. The long term measures to ontrol the water logging in this low lying area include improving surface drainage, lining of unlined channels, providing link drains and ditch drains., installation of deep and shallow tubewells and plantation of eucalyptus trees etc. and these will he taken up in due course.

(इस सग सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी बीरेन्द्र सिह पदासीन हुए ।)

चौधरी अजीत सिंह : चेयरमैन साहब, अभी मंत्री जी ने यह माना है कि जवाहर लाल केनाल के आसपास के गावों गोछी, किसान, 'बेरी, दुबलधन, माजरा, धांधलान, बाकरा, अच्छेज, पहाडीपुर, मातनहेल की जमीन में सैकड़ों एकड वे पानी भरा खड़ा है । मैं मैली जी से पूछना हाहतत हु कि जिन फसलों में पानी भर गया है और बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है, क्या उन किसानों को फेंसका मुआवजा देने का कष्ट करेंगे । दूसरे वह मुआवजा किस रेट पर और कब हक दे दिया जायेगा । मैं यह भी पूछना चाहूंगा कि जो लीकेज को बन्द करने का काम शुरु करने जा रहे

है वह कब तक शुरु हो जायेगा यानी किस समय काम शुरु हो जायेगा?

सरदार तारा सिंह : मैने इस सारे एरिया का जहां–जहां नेहरू कैनरिन जाती है दौरा किया हूँ और अफसरों को भी साथ ले कर गया हूं । पानी इस एरिया में जरूर खड़ा है लेकिन इस हाल बरसात की वजह से इतना पानी है कि जहां पानी खड़ा नहीं होता था वहां भी खडा है । फसलों में डेढ–डेढ और दो दो फुट पानी खड़ा है । जहा तक पानी खड़ा होने की वजह से कम्पनसैशन देने का सवाल है वह तो नामुमकिन है । ऐसा कोई प्रोग्राम नहीं है । जहां तक खडे हुए पानी को निकालने का संबंध है, उसके लिए हमने आर्डर कर दिये है । सारे अफसरो को लगाया हुआ है । पानी पम्प आउट करने की कोशिश कीं जा रही है । आज–कल वाटर लै–पल बढ रहा है । 35 फुट तक अराइज कर गया है । उस एरिया में जो पानी चार्ज हो रहा है, उससे हर साल 5– 5 फुट पानी का लैवल बढ़ रहा है । यह बड़ी ही तफशीशनाक बात है । हम इस बारे में तहकीकातं करवा रहे है ।

चौधरी हरस्वरूप बूरा : मत्री जी ने अपने जवाब में मेरे मुद्दों का पूरा जवाब नही दिया है । मैंने यह लिखा था कि ईटें पीली लगी हुई हैं और वहां पर सीमेंट भी कम लगा हुआ है । उसके बारे में इनके जवाब में कोई जिक्र नही है । मेरी इस बात को मली जी खुद मानेगे कि वह मेरे साथ 9– 3– 1982 को मौके पर गये थे और उन्होंने खुद उसको देखा था और यह माना था

कि 60 प्रतिशत ईंटें पीली लगी हुई हैं और सीमेंट भी कम लगा हुआ है । क्या इस बात में सच्चाई है?

सरदार तारा सिंह : चेयरमैन साहब, यह बात दुरुस्त है कि मैं अपने आनरेबल साथी के साथ गांव–गांव और खेत–खेत में गया हूं । मुझे यह बात मानने में बिल्कुल भी हिचकिचाहट नही है कि कुछ रीचिज में ईटे गलत लगी हुई है, वह थोड़ी कम पकी हुई है और कुछ जगह पर सीमेंट भी कम लगा हुआ है । मैंने अपने जवाब में यह माना है कि कुछ पैसेज ऐसे है जहां पर कुछ गलत काम हुआ है । हम इस बारे में पूरा एक्शन ले रहे है और जो भी अफसर काबू आयेगा, उसको हम बख्शेने नही ।

कामरेड शंकर लाल : चेयरमैन साहब, मेरी अर्ज यह है इस वक्त मेरे जिया सिरसा के अन्दर 30– 40 गांवों में ओले पड़े है । अभी यहां पर पक्के खालों की बात– चल रही थी । मैं यह बताना चाहता हूं कि 50 फीसदी सीमेंट वहा पर लगा है और बाकी का 50 फीसदी सीमेंट ठेकेदार और अफसरों ने मिलकर खाया है । दूसरी बात यह है । मैं यह कहना चाहता हू कि इस वक्त हरियाणा में भ्रष्टाचार का बहुत बोलबाला है । तमाम. 90 के 90 एम०एल 0 एज ० जिनमें मैं भी शामिल हूं, पर लोग उगलिया उठा रहे है । इसलिये मेरा कहना यह है कि सब की प्रापर्टी का ब्यौरा, चाहे वह मिनिस्टर हो याँ एम ० एल ०ए ० हो, इस मुख्य मंत्री के अधीन मैली रहा हो या पहले कभी रहा हो, आना चाहिये ताकि जनता को यह पता लग सके कि सच्चाई क्या है । चेयरमैन साहब,

यहां पर गलत किस्म की बात हो रही है । यहां पर गलत तरीके से हाउस बिल्डिग लोन लिया गया है । इसलिये मेरा कहना यह है कि एक लोक आयुक्त नियुक्त कियौ जाये जो कि तमाम 90 के 90 एम०एल ०एज ० के असैट्स की तहकी– कात करे । (व्यवधान व शोर) मैंने सबसे पहले इस बारे में ब्यौरा दिया था । मै तो अब भी देने के लिये तैयार हूं । मेरा एक मकान है जो कि उस समय का है जब मै एम० एल ०ए ० भी नहीं था । इसके अलावा 13,000 रुपये की मैंने एक मिलीटरी कोटे से जीप ली है, वह भी लोन लेकर ली है । मैं अपना सारा हिसाब–किताब देने के लिये तैयार हूं । जिन लोगों ने मकान होते हुए हाउस बिल्डिग लोन लिया है, उन तमाम लोगों की तहकीकात होनी चाहिए ।

चौधरी उदय सिंह : दलाल चेयरमैन साहब, मैं आपकी मार्फत मंत्री जी से एक बात जानना चाहूंगा । इन्होंने यह जवाब दिया है कि दुकलधन और गोच्छी के पास एक एप्रोच ड्रेन बनाने की प्रोपोजल है । मेंरा कहना यह है कि वहां पर पहले ही एक नहर बनी हुई है । पहले वहां पर गलत मैटीरियल लगाया गया था । उसमें ही लीकेज हो रही है । अगर दूसरी ड्रेन बनायी गयी तो इससे किसानों की जमीन भी जायेगी और उसका फायदा भी नहीं होगा । इस लिये मेरा कहना यह है कि पहले उसी नहर को जो बनी हुई है, उसी पर ठीक मैटीरियल लगवा– कर पुख्ता बनवायें । इसके अलावा किन इंजीनियरों ने वहां पर गलतकाम किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें ।

सरदार तारा सिंह : मैंने इस बारे में पहले भी कहा है कि जो भी आदमी 7, अफसर कसूरवार होगा, उसको हम बख्शेंगे नहीं, उसके खिलाफ हम सख्त एक्शन लेगे । जहां तक इनके यहां डेरन बनाने की प्रोपोजल का ताल्लुक है, हम उस बारे में इन्वैरटीगेट करवा रहे हैं ।

चौधरी संत कंवर : आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर, मैं आपसे रूलिंग चाहता हूं । कल जब यहां पर हाउस में बहस हो रही थी तो अपोजीशन की तरफ से अपनी स्पीचिज में सरकार के बारे में कुछ बातें कही गयीं थी ।

श्री सभापति : आप बैठ जाइये ।

चौधरी संत कंवर : बाहर एक आई ०ए ०एस ० आफिसर ....

मुख्य मत्री : ....

चौधरी संत कंवर : ....

Mr. Chairman : This is no point of order. Please sit down. Nothing will be recorded.

वाक–आउट

चौधरी संत कंवर : चेयरमैन साहब मुख्य–मंत्री जी हमें बोलते नहीं देना चाहते । यह मुख्य मत्री की. साजिश हैं' कि. हम किसी भीं मामले में न बोले – आप भी हमें बोलने नहीं देते। इसलियें चेयरमैन, साहब, आपके डिसिजन के खिलाफ मैं एज ए प्रोटैस्ट वाक आउट करता हू ।

(इस समय चौधरी संत कंवर वाक–आउट कर गये)

वक्तव्य (पुनरारम्भ)

सरदार तारा सिंह : चेयरमैन साहब, जो भी कसूरवार पाया जाहएगा, हम उसके खिलाफ एक्शन लगे । जब मैं वहां पर मौल देख रहा था तो यह बात भी समझ रहा था कि किसानों को कितनी दिक्कत होती है । ड्रेन अगर बनाती पड़ेगी तो वहां पर जमीनें तो किसानों की ही ली जायेगी । लेकिर मैं भी एक किसान हू । एक किसान होने के पीते मुझे इस बात का अहसास है । (व्यवधान व शोर)... हम वहां पर डीप और शैलों ट्यूबवैल लगाने की बात भी सोच रहे हैं । इस बारे में भी हम इन्वेस्टीगेशन करवा रहे हैं । मामला सिर्फ जे०एल०एन० कैनाल का ही नहीं है । जैसे हमारे साथी ने यह कहा कि झज्जर और रोहतक का वाटर लैवल बहुत तेजी से बइ रहा है, उसका भी हमें बन्दोबस्त करना पड़ेगा । यही नही, नीचे का जो स्ट्रैटा है, वह इतना मजबूत है कि पानी नीचे परकोलेट नहीं हो रहा है । उसके लिये हमें खासी तफतीश करनी है ।

(इस समय भी अध्यक्ष पदासीन हुए)

श्री कवल सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं प्वायंट आफ आर्डर पर आपसे पब्लिक अन्डरटेकिंग्ज कमेटी की रिपोर्ट जो अभी तक भी पेश नहीं हो रही है, के विषय में रूलिंग चाहता हूं । मैं इस बारे मे आपको कमेटी आन पब्लिक अन्दरटेकिंग – कम इन्ट्रोडक्टरी गाईड लोक सभा सैक्रेट्रीयेट नई दिल्ली जुलाई, 1977 में से कुछ कोट करना चाहता हूं । इस बारे में स्पीकर की डायरैक्शन नं ० 107 में यह लिखा हे ––

"107. The report of the Committee embodies the decision of the majority of the Members present at the sitting of the Committee at which the report is considered and adopted

आगे उन डायरेक्शज में डायरेक्शन नम्बर 108 में लिखा है––

"The reports of the Committee are unanimous. There are no minutes of dissent to the Report of the Committee."

मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी कमेटी तीन तारीख को बैठी थी, उसमें यूनानिमसली रिपोर्ट पास हो गई थी । (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आपने जो प्वायंट आफ आर्डर रेज किया है, उस पर एक रूलिंग दे चुका हूं । I will consider it and if there is anything new in it, I will give a decision.

स्वामी अग्निवेश : उपाध्यक्ष महोदय, कल इसी समय मैंने एक व्यवस्था का प्रश्न उठाया था और आपके नोटिख में यह बात लाइए गई थी कि बजट के साथ हर साल स्टेटिस्टीकल ऐबस्ट्रेक्ट आफ हरियाणा की किताब सप्लाई की जाती है और उसमें एक चौप्टर होग है कि हरियाणा राज्य की नौकरियों में अनुसूचित जातियों के लोगों के क्लास वन, टू, थी और फोर के अन्दर कितनी नौकरियां दी गई लेकिन इस बार वह चौप्टर डैलीबेटली उड़ा दिया गया है । कस आपनें आश्वासन दिया था कि आप उसको ऐग्जामिन करेंगे । मेरी आपसे प्रार्थना है कि उसके बारे में मुझे बताया जाए कि कस चौप्टर को क्यों' नही लगाया गया है?

श्री उपाध्यक्षः उसको मैं ऐग्जामिन कर रहा हूं ।

स्वामी अग्निवेश : वह कब तक ऐग्जामिन हो जाएगी । कृपया उसके बारे में जल्दी ही फैसला कर दें ।

Mr. Deputy Speaker : This is under my consideration. I will try to give at the earliest.

चौधरी राम लाल वधवाः उपाध्यक्ष महोदय, मैंने 17 तारीख को एक प्रिविलेज मोशन डबल टी ०ए ० लेने के बारे में दी थी और उसको दिए आज दस दिन हो गए हैं ।

Mr. Deputy Speaker : This is under my consideration. उस बारे में मैंने कुछ कमैंट्स मंगवाए हैं । I shall try to give my decision

at the earliest.

गैर सरकारी संकल्प–

राज्य में शिक्षा संस्थाओं में नैतिक शिक्षा संबधी (पुनरारम्भ)

श्री सभापति : अब श्री मूल चन्द जैन द्वारा 18 मार्च, 1982 को प्रस्तूत किये गये नान– आफीशियल रैज्योलूशन पर डिस्कशन शुरु होगी । उस दिन चौधरी हर स्वरूप बूरा जी ने बोलना शुरु किया हुआ था, इसलिये वे डिस्कशन रिज्यूम करेंगे ।

चौधरी हर स्वरूप बूरा (मेहम) : उपाध्यक्ष महोदय, पिछले नान–आफीशियल डे पर मैंने कहा था कि बगैर मौरल ऐजुकेशन के शिक्षा मीनिगलैस है और इसके लिए बहुत जरूरी है कि मौरल ऐजूकेशन होनी चाहिए । इस बारे मैं मैं एक बात क्हना चाहता हूं कि ऐजुकेशन की जो ऐजेन्सीज हैं, बनमें सबसे बड़ी ऐजेन्सी शिक्षक है, टीचर हैं, क्योंकि शिक्षा का नाम शिक्षक है न कि पुस्तक । इस बारे में मैं सरकार से गुजारिश करना चाहता हूं कि शिक्षकों की दी तीन मांगे हैं जिन्हें मारा जाना चाहिए । सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अब तक जो कुछ किया है, वह सराहनीय है लेकिन शिक्षक दो तीन मांगे लगातार करते आ रहे हैं । प्राईवेट कालिजिज के और स्कूल के टीचर यह मांग करते आ रहे हैं कि उनको ट्रेजरी के थ्रू पे मिलनी चाहिए । मैं चाहता हूं

कि शिक्षा मंत्री इस बारे में ध्यान दे क्योकि जब तक शिक्षक की पे सुरक्षित नहीं होगी और उसके दिमाग में यह बात रहेगी कि जो कुछ मैं पडा रहाँ हूं उसकी पे मिलेगी भी या नहीं तो वह अपना ध्यान शिक्षा देने की ओर पूरी तरह से केन्द्रित नहीं कर पाएगा । उपा– ध्यक्ष महोदय, पी ०टी ०आइज० डी ०पी ०इज ०, लाइब्रेरियंज तथा डिमान्यट्रेटर्ज लगातार मांग कर रहे हैं कि उनके ग्रेड्ज रिवाइज किए जाएं । शिक्षा मंत्री जी से नएका एक डैपुटेशन भी मिला था और उनको बताया गया था कि नभका केस फाइनल करके फाइनैस डिपार्टमैंट को भेजें दिया गया है । अगर ऐसी बात है तो मैं शिक्षा मती जी से प्रार्थना करूंगा कि वे अपने लैवल– पर फाइनैसं डिपार्टमैंट को ऐप्रोच करें और इस बारे में फाइनैस डिपार्टमैंट से जल्दी फैसला कराएं । इसी प्रकार से लगभग दो सौ टीचर्ज डैड कैडर के हैं और इन्टर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर की वजह से सिलेक्शन ग्रेड से महरूम रह गए है । इन डैड कैडर के टीचर्ज के लिए सिलैक्शन ग्रेड का कोई प्रोवीजन नहीं है । जब छ हजार टीचर्ज को सर्विस का बैनिफिट दिया है तो इन बेचारे दो सौ टीचर्ज ने क्या बिगाड़ा है इनकों भी बैनिफिट मिलना चाहिए । जब हमारे देश का शिक्षक संतुष्ट होगा सभी हमारी आने वाली जनरेशन ऊंची उठ सकेगी और तभी देश का भला होगा ।

कहने का मतलब यह है कि जो भारत का भविष्य है वह इन क्लास रूम्ज में ही तैयार किया जा रहा है और इस

डेस्टीनी को कौन सेव कर रहा है, हमारा जो शिक्षक है वही इसकी सेव कर रहा है । अगर हमारे शिक्षक की पे औरे सर्विस सुरक्षित होगी तो मैं उमडता हूं कि वे मन लगाकर बच्चो को शिक्षा देंगे और बच्चों में ऐकेडैमिक शिक्षा के साथ ही साथ मौरल शिस्त भी बढ़ेगी । उपाध्यक्ष महोदय आज देखने में आया हे कि हर आदमी एक बात कहने से गुरेज' नहीं करता । वह कहता है कि मेरे अकेले नैतिक कनने से क्या होगा, अगर मैं सुधर गया तो क्या हुआ जब सारे लोग ही अनैतिक हैं । उपाध्यक्ष महोदय, जब मैं मेरठ कालिज में पढ़ रहा था तो एक बार वहां पर श्री लाल बहादुर शास्त्री, जब वे प्रधान मन्डी थे, आए थे । उन्होंने पब्लिक एडैरस में कहा था कि आज इन्सान कहता है कि मेरे सुधरने से क्या होगा जब समाज का सारा ढांचा ही बिगड़ा हुआ है । ऐसा कहकर वह अपनी कमजोरी जाहिर करता है । मनुष्य को चाहिए कि बहे आपे को सुधारे दूसरों से उसे कोई मत–नब नहीं हए कि समाज में दूसरे लोग क्या करते हैं । उपाध्यक्ष महोदय, मेरा तो कहना यही है कि किसी को भी दूसरों की तरफ नहीं देखना चाहिए, सिर्फ अपने को सुधारना चाहिए । इसी सम्बन्ध में भरतरी जी ने कहा– है –

किसने देखा स्वर्ग भरतरी आपा मरे बिना ।

अपने मरे बिना तो स्वर्ग भी नहीं दीखता । इतना कह कर मैं समाप्त करता हूं ।

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल) : उपाध्यक्ष महोदय! जो प्रस्ताव बाबू मूल चन्द जैन ने नैतिक शिक्षा के बारे में रखा है उसको मैं तीन हिस्सों में बांटता हूं और मैं पहने एक के बारे में ही वर्णन करुंगा। मैं शिक्षा के बारे में इतना ही कहना चाहता हूं

कौम का मियार जिन्दगी बदल गया,

कौम का कौमी तराना बदल गया,

तू भी बदल ए जरियाए तालीम,

कि मैकाले का जेमाना बदल गया ।

उपाध्यक्ष महोदय मैं जैन साहब का धन्यवाद करना चाहता हूं कि इतना महत्वपूर्ण प्रस्ताव इस सदन में लेकर आए हैं । अगर आप शिक्षा पद्वति को बदलना चाहते हैं, नैतिकता के आधार पर शिक्षा पद्धति को लाना चाहते हैं तो हमें वह देखना पड़ेगा कि छोटी सी उमर से लेकर कालिज तक कौन शिक्षा देता है । छोटी उभर में जब बच्चा होता है तो पहले स्कूल का टीचर और बाद में कालिज का लैक्चरार शिक्षा देता है । बच्चे. मेम जीवन के अन्दर इनका सब से बद।' हाथ रहता है । लेकिन आज टीचर की क्या हालत है? आज उसे इसी बात की फिकर है कि वह अपना जीवन यापन कैसे करेगा? जब उसे इसकी चिन्ता होगी तो उसका पडाने में कैसे मन लगेगा । आज कालिज के टीचर स्ट्राईक पर बैठे हुए हैं । न की कुछ डिमांडज हैं लेकिन सरकार सुन नहीं रही है । जब टीचर का मियारे जिन्दगी ऊंचा होगा,

उसकें मन पर कोई बोझ नही होगा, उसका मन स्वस्थ होगा और दूसरी चीजों की तरफ से लापरवाह होगा, तभी वह शिक्षा देने की तरफ अपना मन लगा सकेगा । जब तक ये बातें नहीं होंगी, आप शिक्षा का चाहे कोई सिलेबस रख लें, कोई प्रौस्पक्टस रख ले तब तक ठीक ढंग से शिक्षा नहीं दी जा सकती । इसलिये मैं यह कहूंगा कि सब से पहले आप उस टीचर की हालत सुधारने की कोशिश कीजिए, उसका जीवन स्तर ऊंचा करने की कोशिश कीजिए । उसको गृहस्थ की किसी प्रकार की चिन्ता नहीं –द्हनी चाहिए, तभी अपने कन्धों पर अच्छी शिक्षा देने की जिम्मेदारी ले सकेगा । उपाध्यक्ष महोदय, इंग्लैड के बारे में बता–भा चाहता हूं । वहां पर टीचर्ज और डाक्टर्ज को हर तरह की सुविधायें दी जाती है । उन्हें घर की कोई चिन्ता नही रहती, उन्हें बच्चों की कोई चिन्ता नही रहती आरे यही कारण है कि ये लोग वहां पर मिशनरी के रुप में काम करते हैं । भारत–वर्ष में भी अगर ऐसा हो जाए तो हमारे देश की कया पलट सकती है । हमारे यहां तो टीचर को गुरु कहा है । गुरु के बारे में कहा गया है कि अगर भगवान की भी प्राप्ति करनी है तो उसके लिये भी रास्ता गुरु ही बताएगा । इसलिये आज के युग में टीचर की खराब हाल्त को सुधारने की तरफ सरकार को पूरा–पूरा ध्यान देना होगा और आज के नौजवान को नैतिक शिक्षा के आधार पर शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि नाजनीन आगे –फल–कर सुचारु रुप से अपने कर्त्तव्य को निं–माने में किसी प्रकार की कोताही न क्रें और सही रास्ते पर चलें ।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक दो बाते यहां आपके द्वारा सरकार से व इस सदन से कहना चाहता हू । मैं अपनी ओर से कुछ नही कहना चाहता । एक बहुत बड़े एजुकेशन निस्ट हैं जिन का भारतें वर्ष के अन्दर बड़ा ऊंचा स्थान है । श्रीमन नारायण से आप भली भान्ति परिचित होंगे । उन्होंने लिखा है –

"-We must realise that ultimately it is teacher who is pivot of the whole educational system. In order to achieve real success for any system of good educatiion, it is absolutely essential to have the fullest cooperation 'of good and well-meaning intelligent teacher,

I am also filly conscious of the fact that the economic Condition of tea the in India at the Primary, Secondary and university stages is far from satisfaction. I have no manner of doubt that the teacter is, in mote stases than one, the real hillier of nation. To have we entrust the fut ire destinies of the younger generation. A teacher frustrated and disgruntled is greatest menace to the health/development of the society. On other hand, a teacher,satisfied and free from daily cares, could be great assets to the growth of a sound democracy".

उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर टीचर्ज को अपनी हालत सुधारने के लिये स्ट्राकस करनी पड़ती है, भूख हडतालें करनी पडती हैं, सेक्रेटेरिएट के चक्कर लगाने पडते है इसलिये मैं आशा करता हूं कि सरकार इस ओर ध्यान देगी ।

उपाध्यक्ष महोदय । इसी तरह से जैन साहब ने अपने प्रस्ताव के आखिर में तीन बातों का वर्णन है । उसमें लिखा है कि टीचर्ज की हालत को सुधार पर, बच्चों के लिए ठीक सिलेबस औरे

किताबों का चयन करना और शिक्षा प्रणाली की प्रणाली को और अधिक लाभकारी बनाना इत्यादि इत्यादि । पर आज इस देश मे ऐसी तालीम की जरुरत है कि भारत के युवक का चरित्र ऊंचा हो ताकि वे आगे चल कर अपना भविष्य उज्जवल बना सकें परन्तु आज के युग को मौजूदा इस तरह की शिक्षा की बजाय ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिससे मगरबीयत, राष्ट्र भावना का वभाव, चलि हीनता को बढ़ावा मिल रहा है ।

बेरोजगारी सिर्फ निकाली है मगरब की ऐ दोस्त–,

अमल में कोई मशकरीयत ही नहीं

आदमी के पास सब कुछ है,

मगर एक तनहा आदमीयत ही नहीं ।

आज दिन प्रति दिन लोगों में स्वार्थ की भावना बढ़ रही है । नौजवान गल्त दिशा की ओर जा रहा है । वह कालेज स्कूल से निकल कर किस मोड़ पर जाए, यह समझ नही पडता । (शोर–) आप देखिए, आज देश के कं–दर एजुकेशन की क्या हालत है? आस– रोज अखबारों में पड़ते हैं कि नौजवान रोजाना किसी न किसी केस में पकड़े जा रहे हैं, डकतियां डाल रहे हैं और लडाई झगड़े कर रहे हैं । यह सारन इस लिये हो रहा है कि उन्हें नैतिक शिक्षा नहीं दी गई । अच्छी शिक्षाप्रणाली की व्यवस्था नहीं है । आज के नौजवानों में निजी स्वार्थ की भाप–पर है क्योंकि उन के पास जीवनयापन के कोई साधन नहीं हैं । श्री

राजेन्द्र गडकर भी बड़े भारी एजुकेशनिस्ट हुए हैं । मैं उनकी लिखी हुई पुस्तक की दों–चार लाईनें इस सदन के अन्दर रखना चाहता हूं । उन्होंने लिखा है :––

"With few doubtful exceptions, Indian universities are untouched by the ideals which have moved educationists and philosophers of education. Their teaching programmes leave, at best, a faintly visible effect on the minds of the alumni; they have even failed to equip the Student with a degree which will help him to earn his living decently. In short, the Indian university has failed to di charge its responsibilities; it has failed its providing leadership to our society."

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी ओर से कोई बात यहां पर ही कह रहा हूं । मैं केवल उन लोगों की बातों कौ यहां पर कह रहा हूं जो बहुत बड़े एजुकेशनिस्ट है । मैं दों–चार बातों का आगे चल–कर उल्लेख करुंगा चाहे उन बातों का इस सदन के अन्दर उल्लेख हो या न हो लेकिन वे लोग तो देश भक्त थे । सन्त जीवन ऐसे लोगों ने इस देश की स्वतन्त्रता के लिये ला गया । क्या ऐसी शिक्षा प्रणाली हम अपने नौजवानों के लिए नही अपना सकते ताकि हमारा नौजवान सारे भारत वर्ष का सिर सारे संसार में ऊंचा कर सके । सही शिक्षा प्रणाली से ही नौजवान सही रास्ते पर चल सकते है । सवाल पैदा होता है कि शिक्षा प्रणाली कैसी हो? हमारी शिक्षा प्रणाली को बदलने के लिए भाषा का बदलना बडा ही जरुरी है । 35 सालों की आजादी के बादमी यो जी आज हमारे जीवन से नहीं गई । जब तक अग्रेजी इस देश से बाहर नही जाती तब तक हमारी भाषाओं को प्रोत्साहन नही मिल सकता

और न ही नौजवानों में अपने देश के प्रति कोई नैतिकता की भावना पैदा हो सकती है । लेकिन आज क्या हो रहा है, जिन्होंने मारबीयत की शिक्षा प्राप्त की है, जो लोग लन्दन के अन्दर आती शिक्षा को प्राप्त करते रहे हैं वे आज इस मुल्क पर पूरी तह से छाये हुए हैं । आज वे इस देश से अंग्रेजी को जाने नहीं देते । उपाध्यक्ष महोदय, मुझे यह इसलिये कहना पडा कि भाषा अपनी परम्पराओं को उजागर करती है । हमारा सात इतिहास संस्कृत और हिन्दी में लिखा हुआ है । अगर हम नैतिक शिक्षा की बात करते हैं तो देश से अंग्रेजी को निकालना होगा और हिन्दी को लागू करना होरा और शिक्षा प्रणाली से अग्रेजी को बिल्कुल समाप्त करना होगा ।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं श्री एम० सी० छगला जोकि हमारे भारत के शिक्षा मन्त्री भी रह चुके हैं और सफीर भी रहे हैं, उन्होंने कश्मीर का केस भी यू० एन० ओ० में लड़ा था । वे मुस्लिम कम्युनिटी से सम्बन्ध रखते थे । उसकी किताब एजुकेशन एण्ड नेशन के बारे में जिकर करना चाहता हूं । उन्होंने अपनी इस किताब में जो लिखा है, उसकी दो लाईनें आप–कें सामने पढ़ना चाहता हूं । उन्होंने कहा है –

"There are two broad approaches to education prevalent in the world today. The first emphasises the worthwhileness of the individual-it holds that every individual is unique and the must he permitted and assisted to develop to the best that is possible for him."

उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमन– नारायण जी अरनी एक थी, सोसायटी एण्ड ऐजुकेशन पुस्तक में लिखते हैं –

"It is no use producing students who have gathered some information and knowledge in certain subjects but who are not fit to undertake any definite responsibilities in life."

He further says —

"The existing Arts Colleges have outlived their utility and an Arts graduate today is good for nothing. It is said that Lori Macaulay planned lucation for obtaining clerks to run the British administration in India. But a B.A. is not fit for even clerkship because he does not nything anything of accountancy and office rutine. The so-called parely liberal education has had its day; it should no v ceMase to be. All the Arts Colleges, therefore, should be gradually converted into technical Colleges and nobody need shed a single tear far suh a change."

उपाध्यक्ष महोदय, वह वाले बिल्कुल दीखी है कि जब तक युवकों में राष्ट्रीय भावना पैदा ही होगी तब तक उनमें भारतीय संस्कृति और भारतीय परम्पराओं का जान नहीं होगा । सही मायनों में समाज मे भी ऊपर नही उठ पाएंगे और न ही अपने निजी जीवन को ऊपर उठा पाएंगे । उपाध्यक्ष महोदय, इसी सम्बन्ध में भा–रस सरकार ने एक कमिशन बनाया था, उसकी नोटिफिकेशन नम्बर 55/5/47–डी (3) दिनांक 4– 11– 48 जारी की गयी थी । यह नोटिफिकेशन भारत सरकार की मिनिस्टरी आफ एजुकेशन की तरफ से थी । इस काम–शन में जो–जो मेम्बर थे उन के बारे में मैं कर्का देता हूं । डा ० राधाकृ

ष्णन, जो कि हमारे देख के राष्ट्रपति भी रहे थे, जिन पर सारे देश को गर्व है, डा ० ताप चन्द जी एक बहुत बड़े एजुकेशनिस्ट थे, डाक्टर जाकिर हुसैन वे भी भारत के राष्ट्रपति रह चुके हैं । इसी तरह से दूसरे लोग भी इस कमिशन के सदस्य थे । इन्होंने जो रिपोर्ट दी थी, उसकी दो–दो लाईन आपके सम्मुख रखना चाहूंगा । इस कमिशन ने कहा है ––

"The need for Religion in a Secular State—The fundamental principles of our Constitution call for spiritual training. There is no State religion. The State must not be partial to any one religion. All the different forms are given equal place, provided they do not lead to corrupt practices. Each one is at liberty to approach the Un-seen as it suits his capacity and inclination

Further; on page 302, it is stated—

"Philosophy of Religion—When the students get acquainted with the great thoughts of great souls, they should be introduced to the problems of philosophy of religion. What is the message of philosophy to the new world ? We are trained in modern science and thought and our views must be able to satisfy the reflective and inquiring minds. We must do for our generation what the great thinkers of the past did for theirs. We must reckon with the intellectual doubts to which the modern world is prone and formulate views regarding the meaning and nature of the universe."

उपाध्यक्ष महोदय, मैं देश की दशा वर्णन करना चाहूंगा कि क्या है? इस देश को स्वतन्त्र हुए आज 35 साल' हो गए । हिन्दुस्तान के युवक 1947 में एक नये मोड़ पर खड़े थे । उस

समय अंग्रेजों को यहां से भगा दिया गया था उनको भगाने के लिये हमारे देश भक्तों ने फांसी के रस्से चूमे । क्या हमने आजादी इसलिये ली थी कि इस देश के अन्दर शिक्षा प्रणाली वही रहेगी? उस समय हमें सब से पहले शिक्षा प्रणाली को बदलना चाहिए था, उसके–सिलेबस को बदलना चाहिए था, बुक्स को बदल–था चाहिए था, शिक्षा देने का तरीका बदलना चाहिए था और इम्तहान लेंने का तरीका बदलना चाहिए था । मैं' श्री मान नारायण जी का एक और सैनटैस पढना चाहता हूं

"Besides text, books by Indian authors importance should be given to the study of ancrent books like the Mahabharat, Bhagwat-gita Ramayan, Kautilya's Arth-Shastra, etc."

जिन दिनों हम पढा करते थे उस समर बी ० ए ० की पोएटरी के अन्दर सब से पहले शैक्सपियर की नजम थी । उसके अन्दर आया था ।

"Oh Twenty come and kiss me"

डिप्टी स्पाकर साहेब, आप इसका मतलब समझ गये होंगे । दह शिक्षा प्रणाली भारत वर्ष के अन्दर रही । यह शैक्सपियर की कर हो सकती है, यह इंग्लैण्ड की सभ्यता हो सकती है यानी उस देश के अन्दर शिक्षा प्रणाली ऐसी हो सकती है, यह उनकी परम्परा हो सकती है परन्तु हमारे देश के अन्दर इस प्रकार की परम्परा नहीं है । हेम अश्वनी भारतीय संस्कृति के मुताबिक इस बारेय के अन्दर विश्वास रखते हैं कि अगर व्यक्ति का

जीवन ऊंचा होगा तो सभाज का जीवन ऊंचा होगा । लेकिन उपाध्यक्ष महोदय मुझे बड़ा दुख हुआ । इस समय मन्त्री महोदय जी यहां बैठे नही हैं । लगभग दो महीने पहले रिवाडी के अन्दर श्री गजराज बहादुर नागर गये थे । वे सर शादी लाल के बुत बा अभावरण करने गये थे । सर शादी लाल अन्नने समय मे पंजाब होई कोर्ट के चीफ जस्टिस थे । उनको सर का खिताब अंगेजों की तरफ से मिला था । भारत सरकार की तरफ से या देश भक्तों की तरफ से नहीं मिला था । वे बहुत अमीर आदमी थे । उनके दो शूगर मिल चलते थे यानी बनको किसी प्रकार– की कोई कमी नहीं थी । लेकिन आज स्वतन्त्र भारत के अन्दर और स्वतन्त्र हरियाणा प्रान्त के अन्दर उनके बुत का अनावरण करने के लिये एक मन्त्री जाते हैं । उसने .... जिसने इस देश को आजाद करोने के लिये फांसी के रस्से को चूमा था और ....

आप रिकार्ड निकल–वर कर देखिए अगर यह बात गलत होगी तो मुझे ये शब्द वापिस लेने में कोई एतराज नही होगा । (शोर) मेरी जानकारी के मुताबिक उन्होंने उस वक्त के ..... क्या इस प्रकार की नैतिक शिक्षा हम देना चाहते हैं और उन लोगों के कुत यहां पर लगाना चाहते हैं जिन्होंने इस प्रकार के काम किये हों? उपाध्यक्ष महोदय, आज क्या हालत है – (शोर)

राव राम नारायण : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । यह जो इनका स्टेटमैंट है कि सर शादी लाल ने

..... यह बिल्कुल गलत है । उसके लिये तो एक अलग ट्रिब्यूनल बना था जिसका प्रैजीडैट एक अंग्रेज था ।

चौधरी राम लाल वधवा : मैं तो यह कहता हूं कि जो देश भक्त उनकी अदालत में हाजिर हुए, उनको उसने फांसी दी । (शोर)

राव राम नारायण : यह दस्तखतों के बारे में आपकी स्टेटमैंट गलत है ।

चौधरी राम लाल वधवा : मैंने यह कहा है कि उन जैसे .... (शोर) यह बिल्कुल गलत नहीं है । आप रिकार्ड निकाल कर देखिए । (शोर)वरना मुझे भी हाई कोर्ट के फैसलों का रिकार्ड निकलवाना पड़ेगा । (शोर)

स्थानीय शासन मंत्री (श्री मांगे राम गुप्ता) : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । जिस वक्त सर शादी लाल हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस थे, उस समय अंग्रेज सरकार की तरफ से जो पंजाब का कागर्वर बना कर भेजा गया था, वह अंग्रेज या उन्होंने यह बात कही थी कि चूंकि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एक हिन्दुस्तानी हैं इसलिये मैं हिन्दुस्तानी चीफ जस्टिस से ओय नहीं लूंगा । उस वक्त सा शादी लाल ने चीफ जस्टिस के पद से रिजाइन किया और कहा कि जो सरकार एक हिन्दुस्तानी चीफ जस्टिफ की इतनी बे–इज्जती कर सकती है, मै उस की कुरसी पर नहीं रह सकता वे पहले हिन्दुसतानी थे जिन्होने अग्रेज सरकार की

कुरसी को ठुकराया था। अंग्रेज सरकार ने मजबूर होकर उस गर्वनर को बापिस बुलाया और उसकी जगह दूसरी को भेजा गया तथा हिदायत की कि सर शादी लाल ही चीफ जस्टिस रहेंगे । जो अंग्रेज गर्वनर आएगा वह इस चीफ जस्टिस द्वारा ही ओंप लेगा । ऐसे आदमी के बारे में जो ये बात कह रहे है यह बिल्कुल गलत कह रहे हैं । इसको अपने शब्द वापिस लेने चाहिए ।

श्री उपाध्यक्षः यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं है । प्वायंट आफ आकर इस तरह से हो सकता था यदि यह पूछा जाता कि माननीय सदस्य ने अपने भाषण में जों यह कहा कि भगत सिंह के डैथ वारन्ट पर या और शहीदों के डैथ वारन्टों पर उन्होंने दस्त–बस किए, इत्र बात को वैरिफाई कर लीजिए कि क्या यह बात सही है ।

चौधरी राम लाल वधवा : अगर दस्तखत नहीं किर तो ठीक है । मुझे कोई आपति नहों । मैं नैतिंकता की बात कर रहा हूं । मन्त्री महोदय ऐसे लोग जिन्होंने अंग्रेजो से सर का खिताब लिया.....,. (शोर)

Mr. Deputy Speaker : Let it be verified.

श्री बलदेव तायल. उपाधयक्ष महोदय, मेरा खयाल है कि इन्होंने रेसे ख्याल से नही कहा कि सर शादी लाल को उसने मैलाइन करना हो । इनका कहने का मतलब यह हो सकता है कि

उत वक्त ऐसे जज हुआ करते थे । मेरे ख्याल में उसका जो नाम आया है वह प्रोतीडिंग्ज ये से काट दिया जाए तो अच्छा होगा ।

Mr. Deputy Speaker : Let the Government verify it.

श्री मांगे राम गुप्ता : इन्होंने यह कहा हे कि उस वक्त ऐसे जज हुआ करते थे

Mr. Deputy Speaker : I would repuest the Goverament to kindly verify and if it is found incorrect, it will be expunged.

चौधरी राम लाल वधबा : जो मैंने शहीद भगत सिंह के बारे में कहा है, अगर ये उसके बारे में सर्टेन हों तो उसको कार्यवाही से निकाल दीजिए ।

राव राम नारायण : मैं उस वक्त लाहौर में था जब भगत सिंह की ट्रायल हो रही थी । एह ट्रिब्यूनल सैपरेट बता था । हाई कोर्ट में ट्रायल नही हुई थी । उस ट्रिब्यूनल का प्रेजीडैंट एक अंग्रेज था । इसलिये क्वैश्चन अंराइज नहीं होता कि ....

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : It is not a matter of discussion. मैंने तो यह कहा है कि अगर किसी के नाम की खास बात है तो उसको निकाल दो । इस बात पइं मेरा अपना व्यू हो सकता है कि जो आदमी अंग्रेजों से सर का खिताब लेता है क्या आज उनके बुत यहां पर लगने ठीक है और उनके बुक– का अनावरण मन्त्रीजी करें? उपाध्यक्ष महोदय, सवाल अंह पैदा होता है

कि विस प्रकार की नैतिक शिक्षा दी जाये? मैं अपनी तरफ से. कुछ कहूंगा तो ये मेंरे भाई ज्यादा शोर मचाना शुरु कर देंगे । मैं एक उदा– हरण प्रस्तुत करना चाहता हूं कि आज किस प्रकार की नैतिक शिक्षा दी जा रही है । उपा– ध्यक्ष महोदय, आज क्या हो रहा है कि सिनेमा हाल के अन्दर किस प्रकार की पिक्चरें दिखाई जा रही है? उन पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबन्ध नहीं है । यदि मैं किसी पिक्चर का नाम लेकर बता दूं तो सिर शर्म से झुक जाता है । पिक्चर देखने के लिए बाप बेटी को ले कर जाता है या पति पत्नी को लेकर जाता है और दूसरे नौजवान भी हाल के अन्दर बैठे होते हैं । जब पिक्चर में कोई लव सीन आता है तो उस समय नौजवानों में हूटिंग शुरु हो जाती है । क्या ऐसी पिक्चरें नौजवानों को नैतिक कनाने और एजुकेशन देने का जरिया है? क्या पिक्चरों के जरिए सरकार नौजवानों को सुधार रही है?

शिक्षा मंत्री (चौधरी देस राज): उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य फिल्मों की बात कर रहे हैं । इनकों स्कूलों के सिलेबस के बारे में बोलना चाहिए । इस समय फिल्मों की बात अंडर डिस्कशन नहीं है । बच्चों को नैतिक शिक्षा देने की बात अंडर–डिस्कशन है ।

चौधरी राम लाल वधवा: उपाध्यक्ष महोदय, आप मंत्री जो को बता दें कि मैं नैतिक शिक्षा के बारे में ही बोल रहा हू । यदि हमें बच्चों में नैतिकता जानी है तो पिक्चरों पर जो सैसंरशिप है उसे वक्त करना होगा । पिक्चरों के जरिए एजुकेशन देने का

एक बेहतरीन तरीका है । इसलिए पिक्चरों पर सैसरशिप को सक्त–करना बहुत ही जरूरी है । उपाध्यक्ष महोदय, आपका जीवन भी बहुत ऊंचा है और हमारा जीवन भी बहुत ऊंचा है आपने पुराने वक्त में देखा होगा कि किस प्रकार की पिक्चरें होती थीं । पुराने जमाने में बडी बडी पिक्चरें बनाई जाती थी तो उन के अन्दर आपने देखा होगा कि यदि पिक्चर में किसी प्रकार का कोई लव सीन होता था उसमें हीरो हीरोइन की आपस में उंगलियां टच नहीं होती थीं । लेकिन आज कल की पिक्चरों में क्या होता है कि यदि पिक्चर में कोई रेप केस नहीं दिखाएंगे तो सीन में ओरिजनिल्टी नही आती । उपाध्यक्ष महोदय । यदि देश के अन्दर इस प्रकार की शिक्षा दी जाएगी तो बच्चों के अन्दर कभी भी नैतिकता नही आ सकती । हम देश के सबसे बड़े देशभक्त लाला लाजपतराय का नाम बड़े गौरव से लेते है और इनका नाम सुनते ही आदमी नतमस्तक हो जाता है । उपाध्यक्ष महोदय, यूनाइटिड पंजाब की धरती पर उन्होंने हमारा सिर ऊंचा किया और अंग्रेजों को हमारे देश से भगाया । उन्होंने देश की स्वतंतता के लिए अपने सीने पर अंग्रेजों की लाठियां सहीं । अरने सीने पर अंग्रेजों की लाठियां सहते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया । उपाध्यक्ष महोदय, लाला लाजपतराय ने एक किताब लिखी है ''दि प्रोब्लम आफ नैशनल एजुकेशन इन इंडिया ।'' उन्होंने इस किताब के पेज 20 पर लिखा है––

"There are certain principles and facts which must receive due recognition from those who engage themselves in formulating a

scheme of national education for I will suggest a few. The first thing to be noted is that educa tion is a vital basic problem. It is not a side issue. It is a fundamental fact of life, individual as well as social. Speaking scientifically, all life is by communication. In whichever way you think of education, whether in relation to the individual or to society, the fact, the process, the aim and the substance of education are social. It is a social fine ion. Individuals and society are interdependent; what is good for the one implies the good of the other."

उपाध्यक्ष महोदय, आज किस प्रकार की नैतिक शिक्षा होती चाहिए उस बारे में मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं । वह इतिहास के अन्दर भी है । एक मान धाता राजा होता था । वह चरित्रवान, तेजस्वी, तेजस्वी और सज्जन 'राजा था । उस राजा ने अधो खजाने से अपना जीवन यापन करने के लिए पैसा मुकर्रर कर रखा था कि मैं इतना पैसा खजाने से लेकर अपना जीवन यापन करूंगा । परन्तु उसके मंत्रियों और सेनापतियो की पत्नियां बहुत अच्छे कपड़े और आभूषग पहनती थों । एक दिन राजा की पत्नी ने राजा से कहा कि मेरे कपड़े बहुत सादे है और मेरे पास आभूषण भी एक आध ही है इसलिए आप पुसे भी अच्छे कपड़े और आभूषण बनवा कर दो । राजा मानताका ने अपने मंत्रियो को बुलाया और कहा कि मेरे सामने यह समस्या पैदा हो गएँ है, उसे आप हल करें । मंत्रियों ने राजा से कहा कि आपकी रकम मुकर्रर है इसलिए आप इससे ज्यादा पैसा खजाने से नही ले सकते । इसके लिए हम आपको एक तरीका बता देते हैं । जो जुल्मी और अन्यायी राजा हो औंर वह चाहे किसी भी देश में रहता हो आप

उससे 100 मोहरें कर के रूप में मंगवा लें और उनको इस्तेमाल कर लें । लेकिन खजाने से पैसा आपको नहीं मिल सकता । राजा ने मत्रियों से कहा कि ऐसा राजा कौन है? मंडियों ने कहा कि लंका में अन्यायी और जुल्मी राजा रावण है । राजा मानधाता ने अपना दूत राजा रावण के पास भेजा । उन्होंने दूत को कहा कि आप राजा रावण से कहो कि मैं राजा मानधाता का दूत हूं और मैं आपसे 100 मोहरें कर के रूप में लेने आया हूं । राजा मानधाता का दूत राजा रावण के पास गया । उसने 100 मोहरें कर के रुप में मांगी । राजा रावण ने दूत से कहा कि राजा मानधाता मेरे से कर लेने वाला कौन होता है और मोहरें देने से इन्कार कर दिया । वह दूत राजा रावन के दरबार से निकल कर बाहर मैदान में बैठ गया । बाहर मैदान में जमीन पर बैठ कर उसने अपने हाथ से सोने की लंका का नक्ला बनाना शुरु कर दिया और नक्शा बना कर जो महल का दक्षिणी बुर्ज था उसको अपने हाथ से मिटा दिया । महल के दक्षिणी बुर्ज को मिटाते ही लंका के सोने के महल का दक्षिणी बुर्ज गिर गया । राजा रावण को इस बात की खबर दी गई और बताया गया कि राजा मानधाता का दूत आया था उसने बाहर मैदान में ऐसा–ऐसा किया जिसके कारण महल का बुर्ज गिर गया है । राजा रावण ने उस दूत को वापिस दरबार में बुलवाया और कहा कि यह कैसे हुआ है । दूत ने राजा रावण को बताया कि मैं तेजस्वी, तपस्वी, चरित्रवान और नैतिकता वाले राजा का दूत हूं इसलिए यह बुर्ज गिर गया । राजा रावण ने कहा किं यह कैसे हो सकता है? दूत ने कहा कि आपने 100 मोहरें कर के

रूप में देने से इन्कार कर दिया इसलिए मैंने माप–बापा राजा के उप के जोर पर आपको वह दिखा दिया । राजा रावण ने कहा किं वह नही हो सकता । राजा मान–धाता का दूत राजा रावण से कहने लगा कि यहां पर कबूतर बैठे हैं यदि ये आभके कहने से दाना चुग जाएं तो मैं वापस चला जाऊंगा । करूप रों के सामने दाने डाले गए । राजा रावण ने कबूतरों को दाने चुगने के लिए कहा लेकिन पापी 'राजा के कह रे से कबूतरों ने बिखरे हुए दानों को नहीं चुगा । लेकिन जब उस दूत ने कबूतरों को पीने चुगने के लिए कहा तो तुरन्त दाने चुरा लिए । जब राजा रावण उसकी इस बात को समझ गया तो उसने कहा कि आप बेशक 100 मोहरें ले जाए । जब वह दूत अपने राजा के पास, 100 मोहरें लेकर गदा तो उसने कहा कि ये मोहरे कहीं से जाए हैं तो उतने कहा कि मैं ये 100 मोहरें राजा रावण से पाया हूं । राजा ने अपने मंत्रियों से कहा कि इन मोहरों को रानी को दे दो और उसके आभूषण आदि ले आओ । जब वे 'रानी के पास शर तो रानी ने पूछा कि ये कहा से लाए हैं तो उन्होंने कहा कि ये राजा रावण के पास से आई है । रानी ने कहा कि उस पापी राजा के पास से आई हैं तो मैं एक दाना केंक भी नही लूगी । राजा चक्र में पड गया । उसने आने मंत्रियों से कहा कि अब क्या करना चाहिए? मंत्री कहने लगे कि इन मोहरों को दान कर देश चाहिए । राजा ने ब्राह्मणों को बुलाया । ब्राह्मण कहने लगे कि आप ये कहा से लाए है । राजा ने कहा कि यह राजा रावण से जाये है । तब ब्राह्मण कहते जाए कि हम पापा राजा रावण की कोई भी चीज नहीं लेगे । एक उस

समय की बात है और एक आज के समय की बात है । आज ये कैसी शिक्षा दे रहे है? आज यहां पर शिक्षा शराब पीने की दे रहे हैं दूसरें गात कामों की दे रहे हैं । अनैतिकता का प्रचार दिन ब दिन बढता जा रहा है । मेरा कहना यह है कि अप री पुरानी परम्पाओ और प्राचीन संस्कृति के आधार पर नैतिक शिक्षा देनी चाहिए । आज इस ढंग से शिक्षा दी जीये कि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके । (घंटी) इसलिए मैं ज्यादा न कहते हुए अपना स्थान लेता हूं क्योंकि आप मुझे बोलने के लिए पूरा समय ही दे रहे ।

(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य श्री हरस्वरूप बूरा पदासीन हुए)

श्रीमती सुषमा स्वराज (अम्बाला छावनी) : सभापति महोदय, बाबू मूलचन्द जैन जी ने जो प्रस्ताव नैतिक शिक्षा के संबंध में सदन में चर्चा के लिए रखा है और जिस भावना से वे उसे सदन में जाए हैं उस भाव पा की कद करते हुए मैं उन–कों बधाई देती हूं लेकिन साथ ही उनके भोलेपन पर हैरान हूं कि वे किस मुंह से इस सरकार से नैतिक शिक्षा की मांग कर रहे हैं? सभापति महोदय, जो सर हार स्वयं अपने आप में अनैतिक हो उस सरकार से नैतिंक शिक्षा की मांग करना कहां तक लाभप्रद है? यह बात मेरी समझ से बाहर है । (शोर) बाबू जी इस प्रस्ताव के जरिए अगर यह जानना चाहते कि थोक के भाव दलबदल कैसे किया जाता है, हेराफेरी से पैसा कैसे बटोरा जाता हे और

राजनीति कैसे चलाई जाती है तो शायद ये इसकी जानकारी अच्छी प्रकार से दे देते । इनको इस काम के लिए विशेषज्ञ बाहर से जाने की आवश्यक्ता नहीं है । ये सभी मंत्री इस विषय में माहिर हैं । इन सनी मंत्रियों को शामिल कर एक विशेषज्ञ समिति उच्च स्तर की बन सकती है । इसके लिए कहीं बाहर से ट्रेनिंग लेने की कोई आवश्यकता नही है । अध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए बाहर से टेर लिंग लेने की और इन्स्टीच्यूट खोलने की जरुरत नहीं है । ये अपने फालतू समय में इस काम को बड़ी आसानी के साथ कर सकते हैं यानि बनको अच्छा प्रशिक्षण दे सकते हैं । नैतिक शिक्षा का पाठ ये कैसे पढ़ा सकते है? आज अपने पाठ्य क्रम में सुधार एर–नें की आवश्यकता है । सभापति महोदय! यह सरकार क्या कर रही है, इससे बहस करने से कोई फायदा नही? जिस ढंग से व है सरकारे काम– कर रही है उस ढंग से यह सरकार अपने मिशन में कभी कामयाब नहीं हो सकेगी । जो प्रस्ताव बाबू मुलचन्द जैन जी हाउस में लाए है उसके ऊपर अपनी चन्द एक बातें कहना चाहती हूं । सभा– पति महोदय । इस सरकार का समय करफी कम रह गय है । हो उचटता है अगली आने वाली सरकार नैत्तिकता पर खड़ी हुई सरकार हो । जो मैं सदन में आज कहना चाहती हूं हो सकता है कि वह आगे आने वाली सरकार के लिए बहुत ही लाभदायक साबित हो ।

सभापति महोदय, जहां तक शिक्षा का ताल्लुक है किसी भी व्यक्ति के व्यक्ति लग– के विकास मैं पूर्व संस्कारों का होना

बहुत बडा महत्व हुआ करता है । आप जानते हैं कि ये संस्कार केवल दो ही स्थानों से मिला करते हैं । एक तो मां–बाप से और दूसरे विद्यालय से । इन दोनों सरकारों का जन्म–जात संबंध होत है लेकिन आज के समय में आप– अच्छी त रह से जानते हैं कि इन संस्कारों का क्या संबंध है? मैं एक बात आपके सामने रखना चाहती हूं । जो बात मैं आपके सामने रखने जा रही हूं वह कोई गलत बात नहीं है । इस संबंध में मुझे एक बात याद आ गई––

तिफ्ल में बू आए क्यों मां बाप की एतबार का ।

दूध तो डिब्बे का है । तालीम है सरकार की । ।

सभापति महोदय, इस सरकार के दिल में शिक्षा का कोई महत्व नहीं है । आज की शिक्षा से सिर्फ अक्षर ज्ञान ही मिलता है और कुछ नही । सभापति महोदय, अंग्रेजी में दो लफ्ज हैं । एक शब्द लिटैरसी होत है और दूसरा एजूकेशन होता है । लिट्रेसी का मतलब होता है कुछ जानना और कुछ समझना । एजूकेशन का मतलब होता है कुछ शिक्षा ग्रहण करना । आज मुझे यह बात कहंने में जरा सा भी संकोच नही है कि यह सरकार जिस शिक्षा का प्रसार कर रही है वह सिर्फ अक्षर शान का कर रही है । अक्षर ज्ञान से आगे कुछ नहीं कर रही । आज के बच्चे लिटरेट तो कन रहे है लेकिन एजुकेटिड नहीं बन रहे । सभापति महोदय । इसी विषय पर मुझे एक संस्कृत की सुक्ति बाद आ गई सा विद्या या विमुक्तये अब आप विचार करें कि विद्या किससे मुक्ति

कराती है? यह मुक्ति कराती है अजान से, यह मुक्ति कराती है जातीय सकीर्णता से, और य ह मुक्ति कराती है आपसी भेदभाव से । जिस अज्ञान के भंडार में बालक जन्म लेत है उससे मुक्ति कराने का नाम विद्या है । आपने देखा होगा कि शिक्षा संस्थानों में एक श्लोक लिखा होता है कि '' तमसो मा ज्योर्ति गमय '' इसका मतलब होता है कि मुझे अंधेरे से प्रकाश की ओर ले चलो । शिक्षा बालक के अज्ञान के अंधेरे को दूर करती है और उसको प्रकाश की ओर ले जाती है । तो चेयरमैन साहब, कहां शिक्षा का वह स्तर था और कहा आज का स्तर है । आप भी स्कूल और कालेज में पढ़े हैं । आप स्वयं जानते हैं हि शिक्षा के आज के सतर में हाकी गिरावट आ चुकी है । क्या हमे यह कहने में लज्जा नही आती कि आज विद्या हो मुक्त कराने की सकीर्णता के अन्दर भेजते पर मनबूर करती है क्योकि आज की शिक्षा केवल मात्र अक्षर जा है। आज हमे अक्षरों का ज्ञान करा दिया जाता है, फिर कुछ व्याकरण सिखा दिया जाता है, हमे वाक्य बनाने आ जाते हैं और अर्जी लिखनी आ जाती है लेकिन शिक्षा का जो असली उद्देश्य है उस उद्देश्य लग से हम कहीं दूर चले गए हैं । चेयरमैन साहब, समान को बदाने बचाने के तीन अदायरें हुआ करते हैं धर्म, शिक्षा और राजनीति लेकिन आज इन तीनों में ही आदर्श विहीनता है । आज कौन ऐसा व्यक्ति है जो धर्म के अन्दर हमारा आदर्श है? जिस देश में राम और कृष्ण, गुरू नानक और बाल्मीकि हुए हों, जिस देश में ईसा और हजरत मुहम्मद की बाते पढाई जाती रही हो उस देश में आज धर्म क्षेत्र में आदर्श कौ है? क्या भगवान

रजनीश और बाल योगिचर? मां अपने बच्चे को पहने कहा करती थी कि बेटा बड़े होकर गांधी बनो, नेहरू बनो सरदार वल्लभभाई पटेल बनो वह मां आज अपनी गोद में आने लाल को लेकर क्या कहेगी कि बेटा बडे होकर भजन लाल बनो ? जिस राजनीति के आदर्श गांधी जी, सुझाव और भगत सिंह हुआ करते थे उसका स्तर गिर कर आज जर इतना नीचे आ गया है तो समाज कहां से बन पाएगा? धर्म, शिक्षा और राजनिति इन तीरों अदायरों में हमे कोई आदर्श नजर नहीं आता । सभापति महोदय, एक बहुत बडा प्रश्न चिन्ह आज हमारे सामने लगा हुआ है कि अगर इसी साह की शिक्षा दी जाती रही तो क्या होगा देश और समाज का? बहुत अच्छे समय पर एक चेतावनी देकर बाबू मूल चन्द जैन जी इस प्रस्ताव को सदन में जाए हैं बशर्ते यह सरकार इसके ऊपर अमल कर सके । इसके बारे में सभापति महोदय मैं अपने शिक्षा मंत्री चौधरी देस राज जी को एक सुझाव दूंगी। अगर यह सरकार स्कूलो में सही मायनों में नैतिक शिक्षा देना चाहती है तो जिस तरह से प्रति दिन गई बी० टी० का पीरियड मुकर्रर होता है खेलो का पीरियड मुकर्रर होता है उसी तरफ से धर्मशिक्षा का पीरियड मुकर्रर होना चाहिए रोज एक पीरीयड पौने घंटे या आधे घंटे का हो जिसमें धर्म शिक्षा, नैतिक शिक्षा दी जा सके । सभापति महोदय, केवल पीरियड मुकर्रर करने से भी कुछ नहीं होगा । उससे ज्यादा अहम बात यह है कि नैत्तिक शिक्षा देने वाले टीचर्ज का अपना नैतिक चरित्र कैसा हो? कहीं दीपक तले अधेंरे वाली बात न हो । दिन में पचास बार स्वयं झूठ बोलने के बाद वह कहे

कि सच बोला करो । इसलिए जरूरी है कि नैतिक शिक्षा देने वाले अध्यापकों का अलग केडर बने जिस तरह से सोशल स्टडीज पडाने वालों का या हिन्दी पड़ाने वालों का अलग केडर होता है । यह न हो कि साईस या हिसाब आदि पड़ाने वाले अन्धयापक नैतिक शिक्षा पगुरा शुरु कर दें सिर्फ यह समझ कर कि यह फिजूल का पीरियड है । इन अध्यापकों का जैसा मैंने पहले कहा अलग केडर बनना चाहिए और उस केडर को बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि नैतिक शिक्षा पढाने वाले अध्यापकों का अरना पास्ट करैक्टर कैसा रहा है । क्या वे वास्तब में इस काबिल हैं कि वे बच्चों को नैतिक शिक्षा दे सके । हमें यह देखना हो कि वे वास्तव चोरी न करते हों, खुद झूठ न बोलते हों, बेईमानी न करो हों और हेराफेरी न कर रें हों क्योंकि समागत महोदय बालक का हृदय बड़ा कोमल होता है । बालक के हृदय पर सीखी हुई बात की अमिट छाप होती है । पता नहीं जिन्दगी के किस मोड़ कर वह उमर कर आगे आ जाए । अगर बालक देखेगा कि अध्यापक केवल माल किताबी शिक्षा देते हैं तो लाम नहीं होंगे वाला ।

फिंर सभापति महोदय बाबू जी ने यह प्रश्न उठाया है कि नैतिक शिक्षा को कैसे प्रभावधान शाली और फलदायक बनाया जाए? उसमें उसक पाठ्यक्रम क्या हो, इसमें कफी बहस की गुंजाइश है । चर्चा के बाद यह राज किया जाना चाहिंए। आप जानते हैं कि हमारा इतिहास इस तरह को कयाओं से भरा पड़ा है

। उसमें वीर और वीरांगनाओं की बहुत सी जीवनियां हैं, उसमें बहुत से महापुरुषों की कथाए है लेकिन यहां क्या होता है? उनकी जीवनियों को न पढ़ा करके मुख्य मंत्रीली की जीवनियां पढाई जती हैं । इस बात पर मुझे बड़ा एतराज है । राजतीतक एतराज भी है । मुख्य मंत्री का पर स्थाई पद नहीं होता । अपनी सरकार में ही हम देखे पिछले चार पांच साल के अर्से में दो मुख्य मंत्री बदल चुके हैं । केरल में किने ही मुख्य मंत्री बदल चुके हैं । इसी राह से आसाम में कितने ही मुख्य मंत्री बदल चुके है । कोई मुख्य मंत्री पूरे पाच साल तक बना रहेगा यह कहना बड़ा मुश्किल होता है लेकिन पाठ्यक्रम पूरे साल के लिए निर्धारित हो जाता है । मान लो पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने के वक्त कोई मुख्य मंत्री है उसकी जीवनी बच्चों को पढ़ाई जा रही हो लेकिन 6 महीने के बाद यदि वह बदल जाए तो दूसरा मुख्य मंत्री पौलिटिकल वन्देटा के कारण चाहेगा कि उसकी जीवनी पाठ्यक्रम से निकाल दी जाए और अपनी जीवनी पाठ्यक्रम में डाल दी जाए । यह बात ठीक ही होगी । वैसे भी मैं तो इस राय की हू कि जीवित लोगों की जीवनिया पाठ्यक्रम में आनी ही नही चाहिएं क्योंकिं उसके चीज के बारे में प्रश्न चिन्ह मौत के कगार तक लगा रहता है । आज कोई व्यक्ति बहुत अच्छा हो सकता है लेकिन यह कहना मुश्किल है कि वह अंत तक अच्छा रहे । पता नही फिसलन का समय आते वक्त वह अच्छा व्यक्ति किस रुप में हमारे सामने आ जाए । इसलिए मैं कहती हू कि कोई व्यक्ति अच्छा है या बुत है इस बात का पता उस व्यक्ति की मृत्यु के बाद ही लगता है । (घंटी) तभी हम कह सकते है कि

वह व्यक्ति पूरा जीवन भर कैसा रहा । इस बात को ध्यान में –रखते हुए मैं एक बार फिर कहती हू कि जीवित व्यक्ति की जीवनी स्कूलों में पडाई ही नही जानी चाहिए । सभापति महोदय, हमारे पुराने इतिहास और धार्मिक ग्रन्थों में जो अच्छी शिक्षा हैं, नैतिक शिक्षा के सूत्र हैं, वे बहुत सहजता से बच्चों के दिमाग में चले जाते हैं । उन्हें बच्चों को पढाया जाना चाहिए । इतना कहकर आपकी घंटी का ध्यान रखते हुए मैं अपना स्थान लेती हूं ।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई) : चेयरमैन साहब, नैतिक शिक्षा का सवाल बड़ा पेचीदा और बड़ा कंप्लीकेटिड है । सारे हाउस की तरफ से यह बात आई है कि एजूकेशन में सुधार हो । चेयरमैन साहब, कहा जाता है कि "Teacher are the builder of the nation and education in preparation for life".लेकिन अफसोस इस बात का है कि आज देश को आजाद हुए 35 वर्ष हो चुके हैं परन्तु एजूकेशन में कोई सुधार नहीं हुआ है । आप चाहे पार्लियामैंट में दिए राष्ट्रपति के अभिभाषण को देख लें, चाहे किसी स्टेट के गर्वपर ऐडैरस को देख लें, सबमें यह लिखा होता है कि गरीबों की गरीबी को दूर करने की कोशिश की जा रही है । (शोर) चेयरमैन साहब, पेट की आग बुझे वगैर कोई आदमी कुछ नही कर सकता । आज गरीब और अमीर के बीच बडा फर्क पर चुका है । देश को आजादी मिलनें के बाद भी आम लोगों की

लेती खराब है क्योंकि अमीर आदमी ज्यादा अमीर हो गया है और गरीब आदमी ज्यादा गरीब हो गय है । (विध्न)

श्री सभापति : आप लोग जरा शान्त रहिए हर आदमी अपनी समझ के अनुसार बोलता हैं । जो बात आपके दिमाग में नही है वह ऊनके दिमाग में है । (विध्न एवं शोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : मै सब से पहली बात व ही अर्ज करना चाहता हूं अगर एजुकेशन में तरक्की लानी है, लोगों में नैतिकता लानी है तो संब से पहले गरीब आदमी की गरीबी दूर करनी पड़ेगी । चेयरमैन साहब, गरीबी आसानी से दूर नही हो सकती है । कोड यह कहे कि कांग्रेस (आई) के मैम्बरान का कसूर है या किसी अक्सर का कसूर है यह गलत है । यह सारे देश का मामला है । जब तक सभी भाई आगे नही आयेगे तंव तक देश का कल्याण नही ही हो सकता । जहा तक पावर मे आने का सवाल है वह तो कोई भी आ सकता है । आज ये हैं कल को मैं भी मुख्य मंत्री आ सकता हूं । गरीबी को ईमानदारी से दूर नही या जा सकता है । हम चाहे कितने ही बीस सूत्रीय अन्य प्रोग्राम बना लें लेकिन गरीबी दूर नही हो सकती ।

श्री सभापति : पोहलू साहब आप रैज्योलूशन पर ही बोले ।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : चेंयरमैन साहब! आज आम आदमी को जीने के लिए चीजों की आवश्यकता है । रोटी,

कपड़ा, मकान, दवाई और पढाई सब के लिए प्र बन्ध हो जीये तो गरीबी अपने आप ही दूर हो जायेगी । किसी हम ०एल– ०ए ०, वजीर या अफसर का कसूर नही है कि वह रिश्वत लेता है । वह इसलिए रिश्वत लेता है कि उसका खर्चा पू रा नही होता । आज कल ..... लेते सब को पता है । अगर सारे एम ० एल ०ए ० और वजीरों की अदि–दाद पर सीलिंग लग जाये तो गरीबी द्र हो सकती है । आप देखते है कि अभि जो लोग वकालत करते हैं वे बेचारे मारे मारे फिर रहे है, उन्हें कोई पूछने वाला नही है । इस लिए ऐसे लोगों को भी कुछ राहत दी जाये । एक बहिन एजूकेशन डिपार्टमैट में एडी० पी०आई ० लगी हुई है । उसके खिलाफ कुछ मुलाजमों ने जो कि उसके अन्डर आते है गन्दे गन्दे इश्तहार निकाले है । उसके फोटो भी छपे हैं । इस बारे मे इन्कवायरी की जाये कि कौन कसूरवार है । जिन लोगों ने उस पर इल्जाम लगाया है वे ठीक हैं तो उस लेडी के खिलाफ एक्शन लें । अगर इल्जाम गलत है तो उन लोगों को गिरफ्तार किय जाये जो एक लेडी को इतना परेशान कर रहे हैं ।

श्री सभापति : इस इशु को आप बार बा र न उठाये । यह आ पके ही इन्टैरस्ट में है ।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : चेयरमैन साहब, अब मैं एजूकेशन के विषय में कुछ अर्थ करना चाहत हु । सभी लोगों को बराबर की एजूकेशन मिलनी चाहिए । एक जैसी एजूकेशन होनी चाहिए । गांवों के लड़के तो सरकारी स्कूलों में पढ़ते है । मजदूर

और किसान का लडका तो आम स्कुल मे पढता है और अमीर का बच्चा मनसूरी स्कुल में पढता है । गरीब और किसानों के बच्चों को कोई सुविधा नही किताबे तक मिलती नही (शोर एवं व्यवधान) आपकों और मुझे भी पता है कि चौधरी भजन लाल ने सच न बोलने का प्रण कर रखा है । मेरे से चौधरी भजन लाल जी ने मदद मांगी । मैंने इनकी जनता राज में मदद की । इन्हेंने मेरी कास्टीच्यूसी कैथल में जा कर एलान किया था कि कैथल की जिला बना दूंगा लेकिन आज तक नही कमाया । इसी प्रकार शूगर मिल के मिल लिए वायदा किया था वह भी नही बना । इन्होने आज तक कोई भी अपना वायदा पूरा नही किया । मेरी कांस्टीच्युंसी में आज तक कोई काम नही किया । आज हुस सरकार में चौधरी भजन लाल जी ने कितने ही वजीर बना रखे है और कितंने ही एम०एज० एज० को वजीरों के बराबर पद दिये हुए है । स्वामी आदित्यवेश, ईश्वर सिंह आदि को बजीसे के समान पद दिये हुए है । आज हरियाणा से डेमोक्रेसी खत्म है । मुझे भी मिनिस्टर का लालच दिया था लेकिन वह वायदा भी पूरा नही किया । ये लोगों को लालच देकर काग्रेस (आई) में शामिल कर लेते हैं । काग्रेस ये कोई भी ईमानदार नही है । चीफ मिनिस्टर साहब कैथल में एलान करते है लेकिन फिर मुकर जाते है । जिन लोगों के खिलाफ इल्जाम है सब को निकाल दो । ये यहां तो वायदा कर लेंगे लेकिन् जब यमुनानगर के गेस्टहाउस में लोगे तो फिर वही बाते करने लगते है । ....

....

श्री सभापति : वजीर और एम ० एल ० एज ० के बारे में चम्बल घाटी वाली बात को एक्स– पंज कर दिया जाये ।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : इन सब लोगों की इन्कवायरी करायी जाये । दूसरी बात मैं यह भी कहना चाहता हु कि जब से हरियाणा जनता गवर्नमैंट और कांग्रेस का राज आय है सभी जाट अफसरों को एक कोने में खुड में लगा दिया है । नवकी कोई बात नही सुनता, कोई ऐडिशनल नही, कोई पर मोशन नही, कोई बोलने की इजाजत नही । चौधरी भूप सिंह जो एडिशनल एडवोकेट जनरल हुआ करते थे उन्हें निकाल कर बाहर फैक दिया और श्री बतरा को सीनियर एडवोकेट जनरल लगा दिया गया है । यह बहुत ही जूनियर वकीलें है । इतना नही हर जगह पर इन्टरफीएरैन्स की जा रही है । एडवोकेट जनरल के स्टाफ के भारे में सब को पता है कि यहा पर कानून जानने वाले लोग होते हैं । यह आफिस लीगल। ओपी– नियन का हैड है । ऐडवोकेट जनरल ने चीज मिनीस्टर साहब की इन्टरफीएरेन्स के कारण ही इस्तीफा दिया । जब एडवोकेट जनरल ने इस्तीफा दे दिया तो चीफ मिनिस्टर साहब को भी इस्तीफा दे देना चाहिए था । एडवोकेट जनरल की गवर्नमैंट में बड़ी भौरी पोजीशन होती है लेकिन आज देश का ला एण्ड आर्डर बिल्कुल खराब है । कोई कानून को पूछने वाला नहीं है । जाटो के साथ बहुत ज्यादा ज्यादती हो रही है। जो जाट सीनियर अफसर हैं उन्हें इग्नोर करकें कोन में लगा रखा है । चौधरी धर्म सिंह जो उन पुलिस के

बहुत ही सीनियर अफसर है । उन्हें आई० जी० जेल लगा दिया गया है । अगर जाति–पाति की की बात नही होती तो उन्हें हरियाणा में पुलिस में दूसरी पोस्ट आई ० जी ० की बना कर वही लगा दिया जाता । हरियाणा में यू०पी० राजस्थान के लोग लगाये जा रहे हैं लेकिन हरियाणा के लोगों को अच्छी पोस्टस पर नही लगाया जा रहा है । आप– बेशक हाई कोर्ट का फेर बैठा करें इन्कवायरी करवा लें, उसमें जनता पार्टी, काग्रेस आई और लोकदल के एम ०एल– ०एज ० को शामिल कर लो । कांग्रेस पार्टी की ओर से चौधरी शमशेर सिंह को बैठा लो । हरियाणा में फोटो के साथ ज्यादती हो रही है । नौकरियों मै जाए–पात का बोल–बाला है । चीफ मिनिस्टर साहब खुद जात–पात फैला रहे है । आदमपुर के लोग ही ज्यादातर नौकरियों में लिए जा रहे है । (घंटी) चेयरमैन साहब, हमारे यहा कैथल में इस सरकार ने कोई काम नही करवाया है, न कोई पानी की टंकी बनायी न कोई सडक बनायी और न ही कोई और काम करवाया । सी०एम ० साहब हमारे साथ जुल्म कर रहे है । हमारे व हा भी कोई एकाध काम तो होना चाहिए ।

चेयरमैन साहब, पिछली 15 फरवरी को मैं भिवानी गय हुआ था । वहां मै सैर करने के बाद आ रहा था । रास्ते मे कुछ लोग एक मरे हुए बच्चे को ले जा रहे थे । मैने उनसे पूछा कि भाई यह बच्चा कैसे मरा है । उन्होने कह । कि सर्दी से मर– गया! दवाई दे नही पाये उस बच्चे पर उन मजदूरों ने कफन भी

अच्छी तरह से नही डाला हुआ था उसकें पेंर तक नंगे थे । ऐसी हालत देख कर मेरी आंखों में आसू आ गये । आज यहां हरियाणा में पैसे वाले लोग अच्छी से अच्छी साड़ी खरीद कर औरतों को पहना रहे है और गरीब बच्चों को तन पर कपड़ा पहन ने को नही, दवाई नही । चेयरमैन साहब, इस बार ये एम ०एल०एज० जब गावो में वोट भागने के लिए जायेंगे तो लोगों से पिटेगे । आप तो चेयरमैन सहिब समझदार है लेकिन जो सदस्य लोगों की कोई सुनायी नही कर रहे, वे अवश्य पिटेगे । चेयरमैन इन सभी लोगों की– इन्कवायरी कराओ । (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी यही गुजारिश है कि नौकरी मे किसी किस्म की जाए–पात नही होनी चाहिए जाटों के साथ जो ज्यादती हो रही है उसे दूर किया –जाये । नून शब्दों के साथ अर्ज करूंगा कि नैतिक शिक्षा का रेजोल्यूशन पास किया जाये ।

स्थानीय शासन मंत्री (श्री मांगे राम गुप्त) : डिप्टी स्पीकर स्पीकर बाबू मूल चन्द जैन जी ने मौरल एजूकेशन के बारे में जो रैज्योलूशन पेश किया हुआ है, मैं उस पर अपने विचार रखने के लिये खड़ा हुआ हूं । यह जो प्रस्ताव है यह देश की जरुरत के मुताबिक आदरणीय बाबू मूल चन्द जैन ने बड़ी सोच–समझ कर रखा है । बहिन सुषमा स्वराज ने इसके समर्थन में बोलते हुए एक बात कही कि आप किस सरकार से कह रहे हो, किस सरकार के सामने जड रैज्योलुशन जो रहे हो? डिप्टी स्पीकर सा हब, आप खुद महसूस करेंगे और यह देखेंगे कि किस बात की

आज सख्त जरुरत है । मैं यह कहना चाहता हू कि ऐसे मामलों मे सरकार और अपोजीशन का अगर साथ नही है तो अच्छी बात नही है । ऐसी समस्या पर भी विचार प्रकट करते समय एक दूसरे की नुक्ताचीनी करना और इल्जाम लगाना यह कोई शोभा नही देता । गबन –द– एडैरस बजट डिस्कशन और दूसरे ऐसे मौकों पर आपको अ पनी ऐसी बाते कहने का पूरा मौका मिलत है लेकिन आज जो रेजोल्यूशन डिस्क्स हो रहा है इस पर ऐसी बात करना कोई अच्छी बात नहीं है ।

डिप्टी स्पीकर साहब. इसके बाद मैं एक बात कहना चाहता हू कि necessity is hte mother of invention. जरुरत ईजाद की मां है । आज बुद्धिजीवी यह महसूस करते हैं कि देश के भविष्य को किस तरह से सुधारा जाये । यहां पर इस बारे मैं बहुत सी बातें आयी । बात यह भी आयी कि हमारा शिक्षक वर्ग यानी अध्यापक कैसे होने चाहियें । यह तो वही बात हो गयी कि मुर्गी पहले पैदा हुई थी या अडा पहले पैदा हुआ था । अगर हम यह कहें कि जब तक अध्यापक का आचरण अच्छा नही होगा तब त्क बच्चे का आचरण ठीक नही हो सकता । अगर बच्चे का आचरण ठीक नही होगा तो अध्यापक कैसे उसको सुधारेगा, यह समस्या बड़ी ही गंभीर समस्या है । सस्कृत का एक श्लोक है ––

''तावद भयेसे भयेतवयम

यावद भय अनागतम, क्य'

अनागतम तू भयं, विक्षानरे

करो उच्चतम । ''

जब तक भय पास नहीं आता तब तक भय से आदमी को डरनें की जरुरत नहीं है और जब भय पास आ जाये तो जो बुद्धिजीवी हैं, वे अपनी बुद्धि के अनुसार अपने कर्त्तव्य का पालन करते हैं । मेंग कहने कहने मतलब यह है कि जब समस्या सामने आती है और कोई डर दिखाई देता है तो किसी भी समाज का या देश का बुद्धिजीवी वर्ग उसके अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करे चाहे वह रूलिंग पार्टी में बैठा हो या विरोधी पक्ष में बैठा हो चाहे वह एजूकेशनल लाईन में हो या इंजीनियर हो या डाक्टर हो, उसको अपनी समझ के मुताबिक सोच–समझ कर चलना चाहिये ।

इस सब के लिये नैतिक शिक्षा की बड़ी भारी आवश्यकता है । आज इस बात को अकेले लीडर आफ दि हाउस या लीडर आफ दि अपोजीशन ही नही, बल्कि चाहे विद्यार्थी है, चाहे कोई अफसर हैं, या छोटे से छोटा कर्मचारी है, वह इस बात को महमूस करते है कि जनता को इस वात की शिक्षा दी जानी चाहिये । छोटे से छोटे कर्मचारी से लेकर बडे से बड़े अफसर तक इस बात की जरुरत महसूस कर रहे है । इसलिये बाबू मूल चन्द जैन जी ने जो प्रस्ताव पेश किया है, इसका पुरजोर समर्थन करता हूं । यह सरकार के सामने कोई नाग की बात नही है । जैसे दूसरी मांगे आयी है कि हरियाणा के अन्दर ओने पड़ने की वजह

से किसानों की फसलों का नुकसान हो गया है । (व्यवधान व शोर) अपोजीशन की तरफ से यह मांग आयी है कि किसानों की फसलों का नुकसान हो गया है इसलिये ऊनको कम्पनसेशन दिया जाये । बहिन सुषमा स्वराज अगर यह बात कहे कि आप किस सरकार के सामने यह माग रख रहे हो, तो यह कोई अच्छी बात नही है । यह सरकार लोगों की नुमायन्दगी करती है, यह सरकार कोई नौमिनेटिड सरकार नही है, बकायदा चुनकर आयी हुई है । जो भी समस्या प्रदेश के अन्दर या देश के अन्दर होती है, वह सरकार के ही सामने रखी जाती है और सरकार ही उसका इलाज करने की कोशिश करती है । मेरे साथी शिक्षा मंत्री जी यहा पर बैठे हुए हैं । मैं उनसे यह निवेदन करुंगा कि वह इस बात को बिल्कुल भी न सोचे कि यह रज्योलूशन अपोजीशन की तरफ से आया है, इसलिये हम डस बात को नही मानते । बाबू मूल चन्द जैन ने यह रैज्योल्शन क्यो किय है इसी–नये इस पर ध्यान न दिया जाये । मैं तो यह कहुंगा कि सिलेबस के अन्दर या दूसरी जगहों पर जहा पर सुधार की जरुरत हो, वहां पर सुधार करें । जहा तक नैतिक शिक्षा की बात है बहिन सुषमा जी ने राक वात और कही । उन्होंने जो धार्मिक शिक्षा की बात कही मै उससे सहमत हु । धार्मिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा जुड़ी हुई है । जब तक किसी बच्चे को धार्मिक शिक्षा नही होगी तब तक वह नैतिक शिला ग्रहण नहीं कर सकता । जिस बच्चे के अन्दर धार्मिक शिक्षा होगी आटोमैटीकली वह नैतिक शिक्षा ग्रहण करने की कोशिश करेगा । डिप्टी स्पीकर साहब, एक बात मर्यादा पुरुषोतम

राम के बारे में आप सब को पता होगी । जब भगवान राम के गुरु विश्वामित्र उनको राक्षसों का हनन करने के लिये ने गये तो कोई यह नही कह सकता कि उन्होंने यह गलत काम किया । उस समय कोई नैतिक शिक्षा का सवाल नही था । उन्होंने उनके अन्दर एक विश्वास पैदा किया कि जो लोग दूसरे लोगों को जीने नही देते, उनका हनन करन उचित है । तभी उनको हनन करने के लिये तैयार किय । उन्होंने कोई स्कूल या कालेज में शिक्षा प्राप्त नही की थी । एक बात मुझे भगवान राम के बारे में और बाद आती है । हमारे साथी चौधरी राम लाल वधवा जी ने एक तरफ तो अंग्रेजी शिक्षा का विरोध किया लेकिन दूसरी तरफ शिक्षा के बारे में उन्होंने अंग्रेजी में कुटेशन्ज दी । अगर हम रामायण से शिक्षा ग्रहन करने की कोशिश करें तो बहुत शिक्षा ली जा सकती है । उसका हमारे बच्चों पर अच्छा असर भी हो सकल है । डिप्टी स्पीकर साहब, जब मर्यादा पुरुषोतम राम को 14 वर्ष का बनवास हो गया तब सीता जी भी उनके साथ गयीं । आपको पता ही है कि वनवास के दौरान रावण ने सीता का छल से हरण कर लिया और काफी समय तक सीता जी रावण के पास लंका में रही । बाद मे भगवान राम ने सीता जी की तलाश की । राम ने लंका पर चढ़ाई की और रावण को मारा, तब सीता को प्राप्त किया । बनवास काटने के पश्चात् भगवान राम वापिस अयोध्या में आये, उनका राज–तिलक हुआ और राजपाट करने लगे । जब वह राज कर रहे थे तो एक दिन धोबी का अपनी धोबिन से किसी बात पर झगड़ा हो राय । डिप्टी स्पीकर साहब, आपको पता होगा कि उस

धोबी ने चौराहे पर खड़ा होकर यह कह दिया कि मैं राम जैसा नही हूं जिसने सीता को जो रावण के पास इतनी देर रही, फिर भी उसका वरण कर लिया । फैलते–फैलते यह बात भगवान राम तक पहुंची । हालाकि भगवान राम को इस बात का पता था कि सीता पवित्र है क्योंकि उसकी अग्नि परीक्षा हो चुकी थी और उस पर कोई लाछन नहीं था लेकिन फिर भी उन्होंने सीता का त्याग करने का फैसला किया । (व्यवधान में शोर)

चौधरी राम लाल वधवा : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । मती महोदय भगवान राम की मिसाल दे रहे है । मैं निवेदन करूंगा कि इसी कर अमल कर लें । भगवान राम ने तो धोबी के कहने पर सीता को त्याग दिया था लेकिन यह दल–बदल कर जो गये है, उसी को ठीक कर लें । यह भगवान राम की मिसाल देते हैं । कमाल की बात करते हैं

श्री मांगे राम गुप्ता : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि मैं न तो काँग्रेस पार्टी के टिकट पर बना था और न ही जनता पार्टी के टिकट पर बना था । मैं तो आजाद टिकट पर बना था । मुझे इस बात का हक है कि मैं कोई भी पार्टी ज्वाइन करूं । मै यह बता रहा था कि भगवान राम ने सीता को त्याग करने का फैसला किया । उन्होंने लक्ष्मण को हुक्म दिया कि सीता का त्याग कर दो । लक्ष्मण ने सीता को रथ में बैठाया और बियावान जंगल में चला गया । उसको वहा पर छोड कर कहने लगा कि मैं जानता हु कि आपके साथ बड़ा अनर्थ हो रहा

है लेकिन मै किसी भी प्रकार से राम के हुक्म को नही टाल सकता । मैं उनके हुक्म को मानकर ही आपकों यहा पर छोड़ कर जा रहां हूं । यदि राम को आप कोई संदेश देना चाहती है तो दे दे । उपाध्य क्ष महोदय, मै नए लोगों को कहना चाहता हू जो नैतिकता की बात कर रहे है । सीता ने लक्ष्मण को कहा कि एक धोबी के क्हन से 'राम ने मुझे घर से निकाला है मुझे इसका दुख नही है क्योंकि मैं तो जंगलों में रहकर उसी तरह से लक्का जीवन व्यतीत कर लुंगी जिस तरह से मै चौदह साल तक वनों में रही हू या रावण की कैद में रही हुं और अपने ऊपर किसी प्रकार का लाछन ही लगने दिया । उसी तरह से अब भी राम की याद में मैं जीवन व्यतीत कर दूंगी तेकिन राम को कहना कि फिर तरह से लोगों की चर्चा सुनार सीता को छोड़ दिया इस तरह किसी के कहने से अपना धर्म न छोड़ देना । उपाध्यक्ष महोदय जहा पर देवता रहते है वहा राक्षस भी निवास करते है । आज सब से बड़ा खतरा यही है कि कही इस देश के लोग अपना धर्म न छोड दे । अगर लोग अपना धर्म छोड़ देंगे तो कोई आदमी नही बचेगा । अगर किसी व्यक्ति में धर्म की भावना है, धर्म की 'शिक्षा उसे मिलती है तो उसमें नैतिकका आटोमेटिक आ जाएगी । धर्म के साथ नैतिकता जुड़ी हुई है । मेरा शिक्षा मन्त्री को सुझाव है कि एक पीरियड बच्चों के लिए धर्म शिक्षा. का होना चाहिए । अगर हमारे बच्चों के अन्दर धार्मिक शिक्षा' आ गई तों नैतिकता कममें बहुत जल्दी आ जाएगी । धार्मिक शिक्षा के बगैर नैतिकता किसी भी हालत में नही आएगी । हमें इस प्रस्ताव पर बहुत अच्छी तरह

से गौर करना चाहिए और अगर शिक्षा का स्तर ऊंचा करना हो तो बच्चो को धार्मिक शिक्षा अवश्य देनी चाहिए । उपाध्यक्ष महोदय मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जब तक हमारे देश के साधु संत और राजनैतिक लोगो का बीवर स्तर ऊचा नही होगा, तब तक इनका करैक्टर नही बनेगा, चरित्र नही सुधरेगा तब तक यह देश ही सुधरेगा । इनको अपने जीवन में कोई ऐसी बात नही करनी चाहिए जिससे समाज के आम लोगों पर और बच्चों पर बुरा असर पडे । इतना कहकर मैं अपना स्थान लेता हू ।

श्री हीरा नन्द आर्य (लोहारू) : उपाध्यक्ष महोदय बाबू मूल चन्द जैन ने नैतिक शिक्षा के बारे में जो प्रस्ताव सदन के सामने रखा' है उस पर चर्चा चल रही है । अब तक इस बारे में काफी चर्चा हो चुकी है कि बच्चों के सिलेबस मे किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाए । यह भी यहां पर विचार व्यक्त किए गए किं नैतिकता केवल सिलेबस को बदलने से रही आ सकती, नेतिकता तो तब आ सकती है जब सन्यासियों और राजनैतिक लोगों में सुधार आ जाए ।

श्री उपाध्यक्ष : दो किन से इस रेजोल्यूशन पर चर्चा चल रही है । मैं आपका थोड़ा सा ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि बाबू मूल चन्द का जो प्रस्ताव है उसमें यह दिया है

''राज्य में शिक्षा संस्थानों में नैतिक शिक्षा की असंतोषजनक प्रगति के दृष्टिगत यहसदन राज्य सरकार से आज

तक किए गए कार्य का मूल्यांकन करने तथा टीचरों की योग–लागू तथा अनुभव, मुनासिब पाठ्यक्रम तथा उचित एवं विस्तार में उपाय सुझावित करने, कर्यक्रम को वास्तव में प्रभावशाली तथा फलदायक बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की सिफारिश करता है । ''

इस प्रस्ताव की जो मशा है आप उसको ध्यान में रखकर ही बोलें ।

श्री हीरा नन्द आर्य : उपाध्याक्ष महोदय । जैन साहब ने जो प्रस्ताव पेश किय है वह बिल्कुल ठीक है लेकिन जो हाई पावर्ड कमेटी बनाने की बात की गई है और इस बारे मे बहन सुषमा जी ने जो कुछ क्हा कि किन लोगों को उस कमेंटी में रखा जाएगा क्य उन लोगों को उस कमेटी में रखा जाएगा जिनका अपना कुछ चरित्र नही है । क्या ऐसे साधु सतों या राजनैतिक लोगों को रखा जाएगा जिनका अपना चरित्र नही है? (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker : You can suggest the name of the educationists but no suggestion has so far come in this House.

श्री हीरा नन्द आर्य : उपाध्यक्ष महोदय मेंरा कहना तो यह है कि जब तक हमारी सामाजिक, आर्थिक उन्नति नही होगी और हमारे जो अगुवा हैं नएका नैतिक आचरण ठीक नही होगा तब तक हम चाहे कितना ही सिलेबस चेज कर दे, कुछ नही होने वाला है । उपाध्यक्ष महोदय । एक दफा महात्मा गाधी के पास एक

आदमी गय और उस आदमी ने गाधी जी को कहा कि मुझे यह बी मारी है मुझे उसका इलाज बताइए । महात्मा जी ने कहा कि एक हफ्ते बाद आना । वह आदमी हुक हफ्ते बाद गाय तो गाधी जी ने फिर कहा कि एक हफ्ते बाद आना । वह आदमी तीसरे हफ्ते बाद फिर गय तो महरिया जी ने कहा कि इस बीमारी का इलाज यह है कि तुम गुड़ छोड दो । उस आदमी ने कहा कि यह तो बडी साधारण सी बात थी आपने पहरने हफ्ते में ही क्यों नही कता दिय कि गुड छोड़ना है । महात्मा गाधी ने कहा कि जब तुम पहली दफा आए तो मैं भी गुड खाने का आदी था । जब तक मैं गुड खाऊं और दूसरे को कहूं कि गुड़ खाना छोड दीजिए यह ठीक नही जंचता । आज इस देश में और हरियाणा में लोग खूब शराब पीते है । करोड़ों रुपय इस शराब की बिक्री से टैक्स के रूप में हमारी सरकार इकट्ठा करती है । उपाध्यक्ष महोदय पैसा किस लिए इकट्ठा किय जाता है पैसा इस लिए इकट्ठा किटा जाता है जिससे कि लोगों का स्तर ऊचा हो । आज गरीब लोग और मेहनतकश लोग खूब शराब पीते हैं इससे उनके बच्चों पर क्या अच्छा असर पड़ेगा । वे लोग शराब पीकर अगने स्वास्थ्य का नाश कर रहे हैं । एक तरफ तो यह सरकार शराब पीने का प्रचार कर रही है, जगह–जगह शराब की दुकाने खोली जा रही है और करोडो रुपया शराब के बेचने से वसूले किया जा रहा है, ऐसी हालत मै सरकार नेंतिक शिक्षा की बात केंसे कर सकती है । ऐसा करना संभव नही है । सरकार को शराब के ठेकों से साठ सत्तर करोड की आम–दनी होती है और कम से कम सौ करोड़ रुपय की अवैध

शराब भी निकलती है । जनता इस्को थाली है और गन्दे काम करती है । आज हमारे कितने ही विधायक और मंत्री शराब पीते हैं । इनको शराब की लत पड हुई है । हाउस में भी इसकी काफि चर्चा होती है । इसी प्रकार बलात्कार के बारे में यहां पर काफी चर्चा हुई है । जब ऐसी हालत हो तो ये लोग कैसे नैतिक शिक्षा देंगे (ई? अगर इस तरह के विधायकों की और मन्त्रियों की कोई ऐक्सपर्ट कमेटी बनाई जाएगी तो बनसे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वे लोग बच्चों को नैतिक शिक्षा के बारे में सुझाव दे सकेंगे । इनका असर तो तभी पडेगा जब रनका अपना जीवन बहुत स्वच्छ होगा । मेरा विचार यह है कि जो लोग शराब पीते है वे अपने बच्चो का खून पीते है । जो अपने बच्चों का खून चूसते हैं वे कैसे नैतिक शिक्षा के बारे में सुझाव दे सकते हैं । आज हमारे समाज में अमीर औंर गरीब का अन्तर बहुत ज्यादा बढ़ गया है और अमीर बहुत ज्यादा अमीर हो गया है और गरीब बहुत ज्यादा गरीब हो गया दैर । कहा भी गया है कि भूखे पेट तो भगवान का भजन भी नही होत । जब तक समाज से डिस्पैरिटी खत्म । नही होगी तब तक समाज का सुधार नही हो सकता । पिछले दिनों 1980– 81 के आकडे हाउस में आए थे । हरियाणा में एक साल से चौदह साल लाख के बच्चो की संख्या साठ लाख है । उपाध्यक्ष महोदय, इनमे आधे बच्चे यानी 6 लाख मे से 3 लाख स्कूलों में जाने के योग्य हैं । (विध्न) हमारे कालेजों और स्कूलो में जो शिक्षा दी जाती है, वह केवल अक्षर ज्ञान की शिक्षा दी जाती है । दूसरे जब तक कि हमारे समाज के अन्दर महिलाओं

को अच्छी तरह से शिक्षित नही किया जाएगा, तब तक हमारा देश तरक्की नही कर सकेगा क्योंकि यह अमूमन कहा जाता है कि अगर घर में तुक लडका पढ़ता है तो उससे केवल उसी घर को ही शिक्षित । बनाया जा सकता है लेकिन एक परिवार में एक लडकी को शिक्षित किया जाए तो उससे दो परिवारों को शिक्षित बनाया जा सकेगा । एक उसका पहला घर और फिर दूसरा घर जहा पर वह शादी के बाद जाती है । इसलिये मेरी आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना है कि महिलाओं की उच्च शिक्षा पर खास ध्यान दिया जाना चाहिये । सरकारी आंकड़ों के मुताबिक केवल स्कूलों और कालेजों में महिलाओं की शिक्षा 22 परसेन्ट है और पुरुपों की 35 परंसेन्ट है ।

आवाजे : उपाध्यक्ष महोदय पता नही यह गलत आकडे कहां से लेकर आये है । (शोर)

श्री हीरानन्द आर्य : उपाध्यक्ष महोदय मैं तो सरकारी आंकड़ों की बात कर रहा हू ।

श्री उपाध्यक्ष आर्य : साहब, अगर सदन में आप इन बातों की ओर जाएंगे तो अपिका ही समय खराब होगा । आप केवल राज्य में शिक्षा संस्थाओं में नैतिक शिक्षा की । असंतोषजनक प्रगति के दृष्टिगत यह सदन राजन सरकार से आज तक किए गए कार्य का मूल्यांकन करने तथा टीचरों की योग्यताए तथा अनुभव, मुनासिब पाठ्यक्रम तथा उचित एवं विस्तार से उपाय

सुझावित करने कार्यक्रम को वास्तव में प्रभावशाली तथा फलदायक बनाने के लिये एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की बात पर ही बोल सकते ऐं ।

श्री हीरा नन्द आर्य : उपाध्यक्ष महोदय क्या लडके के सिलेबस बनाने के लिये यह जरूरी है कि जो ऐजुकेशन बोर्ड के ओं परों की लीकेज होती हैं पेपर नक्ल करवाने के लिये मन्त्री स्वयं जाते है । (शोर एवं व्यवधान) तो क्या ऐसा करके यह सरकार नैतिक शिक्षा दे सकती है

Mr. Deputy Speaker : It has no relevancy at all. Kindly wind up. (Interruptions)...It has no relevancy with the subject under discussion. (Interruption)

श्री हीरा नन्द आर्य : उपाध्यक्ष महोदय अपि को भली प्रकार यह पता है कि यथा राजा तथा प्रजा । जिस प्रकार राजा होगा, उसी प्रकार प्रजा होगी । ड्सतिह यह सरकार अपने कर्त्तव्य को निभाने में बिल्कुल असफल रही है और रहेगी । (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आर्य साहब, आप जल्दी वाइड–अप कीजिए । आपका समय हो गया है । (शोर एवं व्यवधान)

श्री हीरा नन्द आर्य : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस सरकार की कारगुजारियों के बारे में बताना चाहता हूं.... (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आप बैठिए। अब श्री जयनारायण वर्मा जी बोलेंगे ।

श्री जय नारायण वर्मा (बरवाला) : उपाध्यक्ष महोदय इस गरिमामय सदन में हमारे माननीय नेता बाबू मूलचन्द जैन जो नैतिक शिक्षा के स्तर को ऊपर लाने के लिये उसको उपयोगी बनाने के लिये और उसको प्रभावी बनाने के लिये प्रस्ताव लाए है, इसके लिये मैं उनको बधाई देता हूं । इसके साथ साथ मैं उन माननीय सदस्यों को भी बधाई देता हूं जिन्होंने यहां हाउस में इस प्रस्ताव पर बोलने का साहस किया है । उपाध्यक्ष महोदय मुझे बड़ी खुशी है कि हम लोग अपनी टैन्योर यानी अपना पाच वर्ष का समय पूरा करने वाले है (शोर एवं विध्न)

श्री सुरेन्द्र सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, रेज्योलूशन इधर से पेश हो या उधर से पेश हों, नैतिकता पर तो सब का हिस्सा है (शोर एवं व्यवधान) वर्मा साहब किस प्वायंट पर बोरन रहे हैं? (शोर)

श्री उपाध्यक्ष : भाई सुरेन्द्र सिंह जी, समस्या एक ही है सदन में प्रस्ताव विचार विमर्श के लिये आया है वर्मा साहब, किसी प्वायंट आफ आर्डर पर नही है. ये अपने विचार रख रहे है ।

श्री जय नारायण वर्मा : उपाध्यक्ष महोदय आज हमे अपना पांच साल का टैन्योर पूरा करते हुए हर्ष होता है । हमें इस दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यहां पर विचार विमर्श करना

चाहिए ताकि लोगों मै हमारी बातों का सही प्रभाव हो औन् जिसका असर हमारे बच्चों पर भी पड़े । इसलिये मैं बाबू मुलचन्द जैन जी के इस प्रस्ताव के समर्थन में बोलने के लिये खडा हुआ, हूं । उपाध्यक्ष महोदय, मैं केवल दो चार बातें ही कहूंगा अधिक समय नही लूंगा । सब से पहले तो मै यह कहूगा कि जो कुछ मैं सुझाव दूगा, वे निषपक्ष भाव से होंगे, किसी अधिकारीगण, किसी पक्ष व विपक्ष किसी व्यक्ति विशेष या किसी अध्यापक के बारे में अपमान की भावना से ही होंगे । उध्याप–गण का हमारे दिल में बड़ा सत्कार है, इज्जत है । मैं केक? टापने सुझाव देने के लिये खडा हुआ हूं ताकि सरकार उन सुझावों पर विचार कर सके और प्रदेश के वच्चों का भला हो सके । अध्यापक वर्ग के लिये हमारे दिल में बड़ा मान है, इसीलिए मैं यह कहना चाहता हु कि आज हमारी शिक्षा पद्धति का उल्टा पेरामिड है । जब हमारा बच्चा 6 साल की आयु में स्कुल में जाता है, जहां से उसने अपनी जीवन की शुरुआत करनी है, उसका जीवन कच्ची धातु के समान होत है इसलिये वहां के स्तर को देखना चाहिये कि वहा हमारे शिक्षक का स्तर क्या है मै शिक्षक पर किसी तरह का इल्जाम नही लगाना चाहता । हमारा सारा ढाचा ही खराब है । हमें डुल बात को देखना है कि स्कूलों ये बच्चों को सबक क्या मिल रहा है? अगर किसी बच्चे ने कोई बुरी नजर है और उसकी शिकायत अध्यापक को की जाती है तो देखना है कि अध्यापक गल्त बातों में बच्चे से ज्यादा संलिप्त है या कम है । अगर ज्यादा संलिप्त है तो फिर ऐसे अधयापक के सामने शिकायत करने का कोई मतलब नही रह

जाता । अगर ऐसे अध्यापक के बारे में गाव के लोग यह समझते हैं कि वह ठीक नही हैं तो फिर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के पास शिकायत की जाती है । जहा शिकायत की जाती है, अगर वहा का अधिकरी उससे भी ज्यादा भ्रष्ट हो तो फिर उसके बात बात राज नेता पर आ जाती है । पर राज नेताओं का नैतिक स्तर तो भगवान ही जानता है । इस बारे में हम क्या कहें, इसमें हम सब शामिल है । हमारे लोगों का यानि राजनीतिज्ञों का स्तर सब से पहले गिरा हुआ है । इस तरह से आप देखें कि फिर उस बच्चे का किस प्रकार से क्या हो सकता है जहां पर नीचे से ऊपर सर यही हाल हो । अब देखने वाली बात यह है कि प्राइमरी स्कूलों के अन्दर अध्यापक का स्तर क्या है, उसकी क्वालिफिकेशन क्या है?

पहले एक कहावत थी कि जिसको कहीं पर जगह न मिले वह जाकर प्राइमरी स्कूल का मास्टर बन जाए । पहले मैं प्राईमरी स्कूलों में मास्टरों की क्वालिफिकेशन का जिक्र कर रहा था । प्राइमरी स्कूलों के बच्चे कच्ची धातु के समान होते है । जिसे अध्यापक बनाते हैं और बच्चे की जिन्दगी की शुरुआत वहीं से होती है । दूसरी तरफ यूनिवर्सिटीज के लेवल पर हाईली क्वालिफाइड प्रोफेसर्ज होते हैं जहां फर बच्चा बी ० ए ० वगैरह पास करने के बाद पहुचता है । वहा के प्रोफेसर्ज के पास बडी बड़ी डिग्रियां हैं हालांकि यहा पर बच्चे को जो कुछ बनकर आना होता है, वह बन चुका होता है । केवल गाइड के तौर पर काम

होता है । लेकिन जहा से बच्चा अपने जीवन की शुरुआत करता है, चरित्र बनना होता है, वहां हमारे अध्यापकों का स्तर नीचे गिरा हुआ है इस प्राइमरी अध्यापकों के पास प्रर्यापत साधन बन नही हैं और न ही वेतन मान अच्छे हैं । कालेज में पहुंचने तक बच्चे के चरित्र के निर्णय की दिशा तय हो चुकी होती है । इसीलिए सरकार को शुरु से ही इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि प्राइमरी स्कूलों के अध्यापक वैल क्वालिफाईड हो चरित्र दान हो । उसके ऊपर वह केवल गाइड है, वह कहता है वह क्या करे ? नीचे का स्तर जहा से बनना है वह स्तर दिखाई नही दे ता । सब से पहरने हमारे समाज को यह महसूस होना चाहिए कि यह परिवर्तन करना होगा । जब नीचे का स्तर ऊंचा होगा तब जाकर हम नैतिकत्ता की बात कर सकेंगे । डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अपने समाज की तरफ जाता हूं । हम अश्वने बच्चे को कहते है कि बच्चे झूठ बोलना नहीं चाहिए । हम एम ० एल ० ए ० हैं और अपने सर में बेठे है । । हम आराम करना चाहते है । जब लोग आकर हमारे बारे में पूछते है कि क्या एम ० एल ० ए ० साहब घर में है तो हम अपने बच्चे को कहते है कि उनको बोल दो कि वे घर ये नही है । एक तरफ तो अपने बच्चे को कह रहे है कि झूठ नही बोलना चाहिए और दूसरी तरफ बच्चे को खुद झूठ बोलना सिखा रहे है । इससे हमारा 8 साल का बच्चा यह महसूस करेगा कि मेरे पिता मुझे झूठ बोलना सिखा रहे है । मै एक छोटी सी मिसाल देना चाहता हूं जिससे यह पता लग जाएगा कि हम सब लोगों के आचरण का स्तर आज कहा है । यह बात 8– 10 वर्ष

पहले की है और मैं किसी आदमी का नाम नही लेना चाहता । एक व्यक्ति के साथ मुझे रेले मे सफर करने का मौका मिला । वह अपने पोते के साथ दिल्ली से नागपुर जा रहा था । उन्होने दिल्ली से फर्स्ट क्लास का टिकट लिया । वे रात को 12 बजे मुझे जगाते है और कहते हैं कि कडंकटर को बुलाओ । मैं सोच रहा था

सरदार सुखदेव सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । मै यह कलरिफिकेशन चाहता हूं कि नैतिकता का उपदेश देने वाले खुद पिलानी में नकल करते पकड़ गये । (शोर)

श्री उपाध्यक्ष : यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नही है, आप कृपा बैठे ।

श्री जय नारायण वर्मा : डिप्टी स्पीकर साहब, रात को 12 बजे कंडक्टर को बुला कर कहा जाता है कि मेरा बच्चा जब दिल्ली से चला था तब वह आधे टिकट के योग्य था । अव इसकी ऊमर 12 साल एक दिन की हो गई है इसलिये मेरे बच्चे का पूरा टिकट बना दिया जाए । असली नैतिकता का सबूत तो यह है । अब शुरुआत किस बात की होती है? नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये हम साधारण तौर पर केवल स्कूलों के माध्यम से कोशिश करना चाहते हैं । मान लिया आज तक यह नही हुआ और उसको औज करने भी रहे है तो इस बात के लिये जो भी प्रयास किये

जाए उसके लिये बधाई देनी चाहिए । जो शुरुआत जहां से हो जाए उतनी ही अच्छा है? बड़े अफसोस के साथ कहता हूं लेकिन मैं किसी अधिकारी का नाम नही लूंगा । जब इस नैतिक के शिक्षा सिलेबस के मामले को लेकर पुस्तक निर्धारण करने की शुरुआत हुई तो उस समय की कार्यवाही ही अनियमित अनैतिक हुई, जहा इस नैतिक शिक्षा के पाठ्यक्रम तय करने की शुरुआत हो रही थी । शुरुआत ही अनैतिकता से हो तो उससे कैसी शिक्षा मिलेगी । अभी जो बात बहन सुषमा और स्वामी अग्निवेश जी ने कही थी मैं उनको रिपीट नही करुंगा । लेकिन जहा हम एक बात देखते है कि हमारे बच्चे को एक साधु या सज्जन पुरुष यह कहत है कि सुबह उठते ही अपने मां बाप के चरण छुआ करो और उनके कहने के मुताबिक हमारा बच्चा ऐसा करता है । लेकिन कुछ देर बाद जब वह बच्चा शहर के चौक पर निकलता है तो वहां पर कोई बाप और बेटा एक जगह बैठ कर शराब पीते है । उसके बाद बाप बेटे का आपस में झगड़ा होता है बात सुनता है और बेटा बाप का सिर बोस न से तोड़ दे ता है । वही बेटा सुबह तो अंधने बाप के पैर छुने की बात सुनता है और बाद में एक बेटा अपने बाप का सिर तोड़ देता है । ते । इस प्रकार से एक सन्यासी की 8 महीने की शिक्षा एक मिनट में खत्म हो जाती है । वच्चों को बाहर अश्लील साहित्य मिलता है । हमारी सरकार के नोटिस में भी है कि हमारे घरों के अन्दर किस किस्म के नावल पड़े जाते है और उन पर किसी लेखक या प्रकाशक का नाम नहीं हे । इस तरह के अशलील साहित्य के आज हरियाणा के अन्दर ढेरों के ढेर पड़े हैं

। घर घर के अन्दर हमारे बच्चों को उस अश्लील साहित्य के माहौल के अन्दर डुबोया जा रहा है नैतिक शिक्षा देने के लिये जरुरी है कि हम अश्लील साहित्य, अश्लील सिनेमा और अश्लील पोस्टरों को बन्द करे । यह काम केवल– मात्र स्कूलों के पाठ्यक्रम को सुधारने से नही होगा । हमें चाहिए कि हम अपने सामाजिक जीवन और नैतिकता कं चरित्र को ऊंचा बनाने की कोशिश करे । आखिर जितने हम बिगड चुके है, वह तो बिगड चुके लेकिन आने वाली पीढी के बच्चों को नैतिकता मे लाने के लिये नैतिक शिक्षा पढाना आवश्यक है । यह सब बिगड़ा हुआ माहौल है । हमें स्कूलों में नैतिक शिक्षा दें ने के साथ साथ इस माहौल को भी ठीक करना चाहिए । हमे यह भी देखना होगा कि जो हम पाठ्य–क्रम निर्धारित करगा चाहते हैं उसमें अगर 7 घटिया हिसाब की चले और एक घंटी नैतिक आचरण की चले तो उस पाठ्यक्रम में क्या होगा, उसके बारे में कम से कम हमें सोचना पडेगा । उस पुस्तक में केवल भगवान कृष्ण का नाम पढने से या भगत सिह की तस्वीर देखने से पाठ्यक्रम का काम नही चल पाएगा या जितने हमारे सन्त महा पुरुष हुए है केवल उनके नाम और फोटो छाप कर काम ही होगा बल्कि उन द्वारा जो मूल्य– दिये गये हैं, उनको सीखना होगा । इस बारे में जहां बच्चो के । रुकावट पड़ती हो तो उनसे पूछा जाए कि तुम्हें इन मूल्यों में क्य मजाक फिर आता है । अगर एक बच्चा किताबों में तो शहीद भगत सिंह के वारे में पढता है और अपने मां बाप और भाई को धन के नाजायज संग्रह में लिप्त पाता है तो बच्चा अपने मास्टर जी को कहेगा कि मुझे तो

आप ये बातें पढाते है लेकिन मेरे पिता जी ने लाखों मजदूरों का शोषण करके और गरीब लोगों की रोटी छीन कर अपनी कोठी बनाई है। अगर नैत्तिक शिक्षा दे ने वाले अध्यापक का भी आचरण वैसा ही होगा तो वह बच्चे को कुछ भी समझा नहीं पाएगा । आखिर में बच्चा समझेगा कि जिस प्रकार से क्लास में आर्यमैटिक की घंटी लगती है उसी प्रकार से नैतिक शिक्षा की है । इसके बाद शराब की बात है । शराब बन्दी के मामले में कोई प्रयास नही किया जा रहा है । इसके बाद मालूम है कि जो देश शराब के नशे में डूब जाए उसकी क्या हालत होती है । इस बात के लिये हम जानते हैं कि कोई मां नही चाहती कि मेरा बच्चा खराद पीए, कोई बाप नहीं चाहता कि मेरा बेटा शराब पिए और कोई वहन नहीं चाहती कि उसका भाई शराब पीए लेकिन 60 करोड़ रु ० के राजस्व के लोभ में यह सरकारें चाहती है कि हरियाणा के एक एक बच्चे को शराब पीने दो । मैं यह इसलिये कहना चाहता हूं कि जब हमारे बच्चे कन्धों से दस्ते लटका करं स्कूलों में जाते हैं तो 'रास्ते में शराब का ठेका मिलता है जबकि स्कूल के रास्ते में शराब का ठेका नही हे सकता । इसीलिये बच्चो को नैतिक शिक्षा ये गन्दे काम नही देने देंगे । इसके बाद नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये जो विशेषज्ञों की समिति बनाने का सुझाव है उसमे एक्सपर्टस के साथ साथ अच्छे मौर– लिस्टस भी हों । लेकिन मौरिलिस्टस कहा से आएंगे । पाठ्यक्रम को निर्धारित करने के लिये टैक्नीकल एक्सपर्टस तो मिल जाएगे लेकिन मौरिलिस्टस कहा से मिलेंगे । हमे जिस श्रेणी से मौरल की उम्मीद थी वह

इममौरल हेती जाती है । इस मामले को प्रभावी बनाने के लिये आवश्यक है कि हम आने आचरण को ठीक करें, देश के नेताओं को ठीक करे चाहे कोई अधिकारी हो, चाहे जज नेता हो या समाज के किसी भी वर्ग का कोई व्यक्ति हो जब तक हम अपने नाप को ठीक नही करेंगे तब तक नैतिकता नहीं आ सकती । डिप्टी स्पीकर साहब इतना ही कह कर मैं समाप्त करता हुं और इस प्रस्ताव का समर्थन करता हू ।

13.00 बजे

चौधरी ईश्वर सिंह (गुहला–अनुसूचित जाति) : डिप्टी स्पीकर साहब, बाबू मूल चन्द जैन जी. ने नैतिक शिक्षा दे ने के बारे में जो प्रस्ताव हमारे सामने रखा रखा है मैं उससे बिल्कुल सहमत है । डिप्टी स्पीकर साहब, यदि बच्चे को अध्यात्मिक धार्मिक और भौतिक शिक्षा दे कर डिवेल्प किया जाए तो मही मायनों में वच्चे को शिक्षा देना है । सबसे पहले बच्चे को अध्यात्मिक शिक्षा दी जाती छैं जो घर से आरम्भ होती है । बच्चे कौ शिक्षा देने के लिये दो केन्द्र हैं । एक कर और दूसरा स्कूल । स्कूल में जाने मे पहले बच्चे का मन बहुत कोमल और कोरी स्लेट की तरह होता है । इसलिये बच्चे को उसके माता पिता अपने घर में जैसी शिक्षा देंगे बच्चा वही सीख जाएगा । माता पिता बच्चे को जिस प्रकार से पढाने की कोशिश करेंगे उसी प्रकार से पढेगा और जैसा उनका विचार और व्यवहार होगा उसका असर बच्चे पर पड़ेगा । डिप्टी स्पीकर साहब, यदि बच्चे को स्कूल में जाने से पहले धार्मिक और

भौतिक शिक्षा की तरफ लेहहराये तो सवाल ही पैदा नही होता कि बच्चे के अन्दर नैतिक शिक्षा न जाए । इसलिए सबसे पहले बच्चे को अध्यात्मिक शिक्षा दी जानी चाहिए इसके अलावा बच्चे पर संगत का भी बहुत असर पडता है । बच्चा जैसी संगत में बैठेगा उस पर वैसा ही असर होगा । बच्चे के जिसे आसपास का जैसा माहौल होगा और उसके साथ खेलने वाले वच्चों का जैसा माहौल हलो उसका असर बच्चे पर बहुत पड़ता है । डिप्टी स्पीकर साहब, नैतिक के मेन कारण हैं संगति और सत्य इन के बारे ने बच्चे को जिस प्रकार से शिक्षा देंगे उसी प्रकार से बच्चे का जीवन बनेगा । बच्चे के मन में नेतिकता की शिक्षा बाहर से मेही दी जीपी बल्कि मां के अन्दर से पैदा की जाती है । बच्चे का जीवन अध्यात्मिक शिक्षा देने से बदलता है डिप्टी स्पीकर साहब, अध्यापक भी तुक आदर्श है । टीचर इज ए कैडल । जिस प्रकार से मोमबत्ती जल जाती है और दूसरों को रोशनी देती है उसी प्रकार से अध्यापक बच्चे को शिक्षा दे कर अपना जीवन बलिदान कर देता है । अगर अध्यापक अध्यात्मिक और आदर्श नहीं होगा तो बच्चों पर नैतिक शिक्षा का असर नही पड़ सकता । डिप्टी स्पीकर साहब, पुराने 10वीं तक के पाठ्यक्रम में सबसे पहले पाठ में प्रार्थना का पाठ होता था । पहली कक्षा से लेकर 5 वी कक्षा तक के बच्चों की उमर बहुत कोमल– और कुदरत के नजदीक रहने वाली उमर है । उस उमर में बच्चे का मन साफ और कोमल होता है । छठी कक्षा के बाद बच्चे के संस्कार बदलने शुरु होते हैं और वह जातिपाति के चक्कर में और धार्मिक भावना के चक्कर में 5वी कक्षा के बाद

ही आता है । बच्चे पर जातिपाति और धार्मिक भावना का अरर हमारे समाज द्वारा ही पडता है । जैसा समाज होगा बच्चा भी वैसी ही शिक्षा लेगा । समाज सरकार से बहुत बडा है । यदि समाज का सुधार किया जाए तो बच्चा आटोमैटिक सुधर जाएगा । समाज को सुधारने के लिये सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्कूल के अध्यापक की है और बच्चे के बचपन पर माता पिता का असर पडता है । डिप्टी स्पीकर साहब स्कूल शिक्षा का सबसे बड़ा मन्दिर है, सबसे बड़ा गुरुद्वारा है और सबसे बड़ी मस्जिद है । वहां पर हर प्रकार के श्लोक बोले जाते हैं । डिप्टी स्पीकर साहब, स्कूलों और विद्यालयों में नैतिकता की बातें सिखाई जाती हैं अगर वह पर शराब का अखाड़ा और सिगरेट के राख का ढेर बच्चों के सामने लग रहे हों तो मैं समझता हूं कि डुल प्रकार से बच्चों के जीवन का नाश करना सबसे ज्यादा टीचर पर और स्कूल के जीवन पर डिपैड करता हूं । लेकिन आज अगर हम सारी बातें स्कूल के अध्यापक पर ही थोप कर चलें तो यह मुनासिब नही है । अध्यापक भी समाज का अग है । वे भी चाहते है कि उनकी कद्र हो लेकिन खेद की बात यह है कि अगर अध्यापक बच्चों का जीवन सुधारने के लिए उन पर थोड़ी बहुत डांट मार देते है या अकल दिशा में ले जाने की कोशिश करते है तो उनके माता पिता क्लास में जाकर अध्यापकों से कहते है कि हमारा बच्चा. पढे या न पढ़े हमारे बच्चे को हाथ लगाने की जरुरत नही है । यदि अध्यापक बच्चे को सही दिशा में ले जाने की कोशिश करता है और उसका जीवन सुधारने की कोशिश करता ऐं तो बच्चे के माता पिता का

यह फर्ज बनता है कि वह उसका पूरा साथ दे । यदि बच्चे के माता पिता बच्चे की क्लास में जा कर अध्यापक से यह कहते है कि हमारा बच्चा पढ़े या न पढ़े इसको हाथ लगाने की जरुरत नही है, तो इस बात का बच्चे पर बहुत असर पड़ता है और अध्यापक की बच्चे को पड़ाने की जो अच्छी भावना है ऐसा करने से उसका मन टूट जाता है । अध्यापक का यह विषय नही है कि वह पढ़ाई के बदले नौकरी लेता है । अध्यापक जो तनखाह लेता है वह अन्यने बच्चों के पालन पोषण के लिए और अच्छे ढंग से रहन–सहन के लिए लेता है । इसलिए यदि बच्चों के माता पिता अध्यापकों के पास जा कर यह कहे कि हमारे बच्चो को हाथ लगाने की जरुरत नही है तो यह अध्यापक का काम नही है कि बच्चे को डरा धमका कर असली शिक्षा दी जाए और बच्चे के विचारों को बदल दे । डिप्टी स्पीकर साहब । इसके अलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि शराब और सिनेमा ये दोनों आदतें बहुत सें बुरी है । जो गावों का बच्चा है वह कुदरत के नजदीक अब भी है लेकिन जो शहर का बच्चा है वह यदि सिनेमा देख कर आएगा तो उसके मन में डायरेक्ट असर पड़ेगा । सेरा कहने का मतलब यह है कि बच्चे को कोई बात कहने से कम असर पड़ता है और प्रत्याशित रूप में देखने से ज्यादा असर पड़ता है । डिप्टी स्पीकर साहब, अभी थोड़ी देर पहले बोलते हुए श्री जय नारायण वर्मा ने शराब के बारे में जो बाते कही मैं उनकी बातों से सहकत हूं । गांवों में स्कूल की वाऊंडरी के नजदीक शराब का ठेका नही होना चहिए । जब बच्चों को जब पता लग

जातै है कि हमारी उमर से बड़ी उमर के लोग शराब पीने हैं तो उनके मन में यह विचार पैदा होगा कि बड़ी उमर के लोग शराब इस–लिये पीते है कि इसके अन्दर कोई न कोई गुण है तो वे भी बड़े हुए कर शराब पीना चाहेंगे । यदि शाब के ठेके गांवों में हैं तो मैं सरकार से प्रार्थना करुंगा कि वे गावों की बाऊंडरी में दूर' होने चाहिए स्कूलों की वाउडरी के नजदीक तो शराब का ठेका होना ही नही चाहिए । डिप्टी स्पीकर साहब, इस काम में हमे यह नही देखना चाहिए कि यह विरोधी भाई हैं यौ रुलिंग पार्टी का सदस्य है । हमने सभी के सुझावों को ध्यान में रखते हुए इस काम को जल्दी से जल्दी करना चाहिए । जितनी जल्दी हम अपने बच्चों को नैतिक शिक्षा दे पाएंगे उतना ही लाभप्रद रहेगा । जिस प्रकार की शिक्षा हम बच्चों को देंगे वैसा ही असर हमारे बच्चों पर पड़ेगा । आज गांव का बच्चा दूध बेचने के लिए शहर जाता है। वह दूध को बेच कर शराब पीता है । दूध न पी कर शराब पीना कहा तक उचित है? यह सब बच्चा इसलिये करने पर मजबूर हो जाता है, क्योंकि उसे आरम्भ में नैतिक शिक्षा नही मिली उसे अच्छी सोसायटी नही मिली । इसी वजह से क्च्चा गलत काम करने पर मजबूर हो जाता है डिप्टी स्पीकर साहब, नैतिक शिक्षा अकेले स्कूल से ही नहीं दी जा सकती, बल्कि स्कूलों के अलावा मन्दिरों, गुरुद्वरों और मस्जिदों से भी दी जा सकती है । हमें बच्चों के अन्दर धार्मिक भावना को भी जगाना होगा । जब तक बच्चों के मन में धार्मिक भावना ––ही जागेगी उस समय तक बच्चा नैतिक शिक्षा भी ग्रहण नही कर सकेगा । डिप्टी स्पीकर

साहब, संगत और सत्य ये दो शब्द जो हैं, इनका जब तक मेल नही होगा तब तक कोई काम ठीक प्रकार से नही हो पायेगा । डिप्टी स्पीकर साहब, पहले हम पहले ही पाठ के अन्दर बच्चों को प्रार्थना का पाठ पढाते थे । जब तक हम उस प्रार्थना में धार्मिक भावना को नही लाएंगे तब लड बच्चों के अन्दर भी धार्मिक चेतना जागृत नही हो सकेगी । जैसा बच्चा हमारा आज का होगा, वैसा ही हया–द्ग कल का राष्ट्र होगा । डिप्टी स्पीकर साहब, सबसे पहली हमारी ड्यूटी यही है कि हम अपने बच्चों को अच्छा बनाएं । बच्चे अच्छे होंगे तो देश का निर्माण भी अपने आप अच्छा हो जायेगा । जब तक देश के बच्चों में अपने राष्ट्र की भावना नही जागेगी तब तक देश की वे सच्चे मन से सेवा नहीं कर पायेंगे । इसलिए मैं ज्यादा कुछ न कहते हुए अपना स्थान लेता हूं ।

श्री मूल चन्द मंगला (पल–वल) : डिप्टी स्पीकर साहब, सबसे पहले मैं इस प्रस्ताव का जो बाबू मूलचन्द जैन जी ने रखा है उसका समर्थन कच्छ हूं । इन्होंने बड़ा ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया है । इसलिए मैं भी अपनी कुछेक बातें आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं । डिप्टी स्री उर नाहर, नौति ह शिप्रा के वारे हमारे कई साथी बोल चुके हैं औरे उन्होंने काफी अच्छे अच्छे सुमाव दिए हैं । मैं आशा करता हु कि इन सभी सुझावों को ध्यान मे रखते हुए सरकार नैतिक शिक्षा को अधिक से अधिक बढ़ाने की कोशिश करेगी । डिप्टी स्पीकर साहब, बच्चे की शिक्षा के लिए जितना कर्तव्य उसके मां बाप का है उस से

बढ़कर टीचरों का है, क्योकि टीचरो के पास बच्चा अधिक समय व्यतीत करता है । आज हमारे बच्चों को ठीक प्रकार की शिक्षा. नही मिल पा रही । आज का बच्चा परेशान है इसलिए उसको अच्छी शिक्षा की आवश्यकत है । इस सबंध में मेंरे एक दो सुझाव हैं, जिनका मैं आपके सामने रखूंगा । डिप्टी स्पीकर साहब बच्चों को स्कूल में भेजने से शिक्षा नही दी जा सकती । यदि उनको शिक्षा देनी है तो उसे अच्छी अच्छी बातों का ज्ञान कराना पडेगा । यदि हमने अपने देश का निर्माण करना है तो अपने बच्चों को भी ठीक बनाना होगा । हमारे देश का निर्माण तभी अच्छा हौं सकता है जब हमारें बच्चे अच्छे होंगे और उन्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी । डिप्टी स्पीकर साहब, आप देख रहे हैं कि टीचरो का ट्रासफर कर दिया जाता है । उनका ट्रांस्फर उसके घर से 'काफी दूर कर दिया जाता है । जब उसका तबादला काफी दूर हो जाता है तो वह बच्चों को पढ़ाने में बहुत कम ध्यान देता है । इस संबंध में मेरी सरकार से गुजारिश है कि टीचरों का ट्रासफर उनके घर से काफी दूर नें किया जाये और उन्हें उनके नजदीक ही रखा जाये । आपको भी मालूम होगा कि वे अपना तबादला कराने के लिए चण्डीगढ में आए रहते है और उनकी यहा पर एक प्रकार से बाढ़ सी लगी रहती है । वे अपनी मजबूरी के कारण यहां पर आते है और अपने 200– 300 रुपये खराब करके चले जाते हैं लेकिन उनका काम फिर भी नही हो पाता । जब वे इस काम के लिए यहां पर भागते रहेंगे तो वे बच्चों को क्या शिक्षा यौ नैतिक शिक्षा दे पाएगे । सरकार को उनकी इस समस्या की ओर भी ध्यान देना

होगा । सरकार ने टीचरों को खुश रखना होगा, उनको संतुष्ट रकना होगा और उनकी कठिनाइयो को दूर करना होगा । डिप्टी स्पीकर साहब! मैं एक बात और आपके नोटिस में लाना चाहता हू आज हमारे किसी भी अध्यापक का जी ०पी० एफ० का एकाउंट ठीक नही है । 98 प्रति शत टीचरों का जो पैसा कटता है! वह सही सही खाते में जमा नही होता ए०जी ० आफिस से उनके पैसे का ठीक ठीक हिसाब–किताब नही जात । इसके कारण भी हमारे टीचर परेशा न रहते क्यैंए । वे अपना एकाउंट ठीक कराने के लिए ए ०जी ० आफिस, चण्डीगढ को लैटर लिखते रहते हैं लेकिन उनका कोई जवाब नही दिया जात । जब हमारे अध्यापको को पूरी सुविधाए नही मिलेगी तब तक वे मन लगा कर बच्चों को कैसे शिक्षा देगे । यदि इसी प्रकार की गल– रियों और कठिनाइयों को उन्हें सहना पड़ेगा तो आप ही बताए कि वे क्य पढा पायेंगे? जो टीचर बच्चों को ठीक प्रकार से पढ़ाते है, जिल अध्यापकों का परिणाम अच्छा निकलता है ता उनको अच्छी सुविधाएं दी जाए और ऊनको परमोशन आदि दी जाये । सरकार को ऐसे अध्यापको की तारीफ करनी चाहिए । ट्रांसफर करते समय भी पूरा पूरा ध्यान रखना चाहिए ।

श्री अध्यक्ष : मंगला जी आप रैज्योलूशन पर ही बोलें ।

श्री मूलचन्द मंगला : डिप्टी स्पीकर साहब, जो बात यहा पर शराब के बारे में बही गई है वह बहुत ठीक है । बच्चे स्कूल– जाते हुए शराब के ठेकों को देखेगे तो उन पर क्य असर पड़ेगा?

(घंटी) यह बहुत ही महत्वपूर्ण बात है । सरकार को इस बात की तरफ ध्यान देना चाहिए और शराब के ठेके वगैरा स्कूल के रास्ते में न ही होने चाहिए । यदि शराब के ठेके स्कूल के रास्ते में पड़ते हैं तो इससे बढ़कर दुर्भाग्यपूर्ण बात और क्या हो सकती है? मेरे से पूर्व बोलने वाले वक्ताओं ने ठीक क्हा है कि शराब के ठेके स्कूल के आसपास या स्कूल जाने वाले रास्ते में नहीं होने चाहिए । शराब के ठेके जो स्कूल के रास्ते में होते हैं या पास में होते हैं तो बच्चों का उस पर बुरा प्रभाव पडता है । बच्चे दुकान को सजी हुई देख कर खुश होते है लेकिन उन्हें क्या मालूम कि इसमें क्या चीज है । जब वे बार बार आते जगते है तो उनको शराब के बारे में ज्ञान हो जाता है और नम पर उसका उल्टा असर पड़ता है । यह ठीक बात हे कि शराब से हमें अधिक राजस्व प्राप्त होता है । इस राजस्व से हम अपने दूसरे आर्थिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देते हैं । इससे हमारी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है लेकिन यह भी जरुरी है कि हमें शराब का बाईकाट करना चाहिए । हमनें अपने देश के बच्चों को अच्छी से अच्छी नैतिक शिक्षा देनी चाहिए । (शोर) हमारी यह पूरी कोशिश होनी चाहिए कि हमारे बच्चे अच्छे बने । यदि बच्चे अच्छे होंगे तो देश का निर्माण भी अच्छा कर सकेगे । (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, हमनें अपने बच्चों को यदि अच्छा बनाना है या उनको देश की सेवा के लिए आगे जाना है तो बच्चों को अच्छे से अच्छा ज्ञान देना होगा । (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, बातें तो बहुत सारी हैं लेकिन आप समय नही दे रहे इसलिए मैं दुबारा फिर बाबू मूलचन्द

जैन जी द्वारा रखे गए प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपना स्थान लेता हूं ।

चौधरी गया लाल (हसनपुर–अनुसूचित जाति) : उपाध्यक्ष महोदय । सदन में आज दूसरे दिन नैतिक शिक्षा के बारे में विचार हो रहा है । (विध्न) सरकार ने शिक्षा का बहुत प्रसार किया है । चौधरी देवीलाल के समय में तीन सौ स्कूल अपग्रेड हुए थे लेकिन चौधरी भजन लाल जी ने 718 स्कूल अप–ग्रेड करके शिक्षा का काफी प्रसार किया है । जहां तक नैतिक शिक्षा की बात है, उपाध्यक्ष महोदय, यह एक अनुकरण क्रिया है । बच्चा स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के लिए 5– 6 घंटे पढ़ता है । उसके बाद वह घर एवं परिवार की शिक्षा में रहता है । बच्चा जहां रहता है उसी परिस्थिति की, उसी माहौल की वह शिक्षा लेता है । जिस परिवार में पढ़े–लिखे माता पिता होते है उस परिवार का बच्चा भी बुद्धिमान बनता है । उसको बोलने का, पढ़ने का, कपडे पहनने का और हर तरीके का ज्ञान मिल जाता है । इसलिए मैं समझता हूं कि माता का पढ़ना अति आवश्यक है । हमारे प्रदेश में अभी तक कन्याओं की शिक्षा का बहुत कम इन्तजाम है । जड़को की अपेक्षा लड़कियों की शिक्षा यहां बहुत कम है । जब तक लड़कियों को जड़को के बराबर नही पढाया जाएगा तब तक मैं समझता हू नैतिक शिक्षा का प्रसार नही हो सकता । बच्चों की शिक्षा में सबसे बडा कार्य माता का होता है । जब माता ही अनपढ़ होगी तो उसके बच्चे भी नैतिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते । इसलिए मैं

प्रार्थना करूंगा कि जहां लड़कों के मिडल और हाई स्कूल हों वहां लड़कियों के भी मिडल और हाई स्कूल होने चाहिए ताकि हमारी बहिन बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए जो दूसरी जगह जाना पक्त है वह न जाना पडे । हर मा बाप इस बात का ख्याल करता है कि अपनी सियानी बेटी को वह शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरे गांव में नें भेजे । यह सुविधा अपने गांव में न होने की वजह से मां–बाप अपनी लड़की को पडाने में हिचकिचाते हैं । इसलिए मैं शिक्षा मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि जहां लड़कों के मिडल और हाई स्कूल हों वहां लड़कियों के मिडल और हाई स्कूल भी अवश्य होने चाहिए । (विघ्न)

उपाध्यक्ष महोदय, नैतिक शिक्षा की बात अध्यापकों के ऊपर निर्भर करती है । जहां अध्यापक अच्छा चरित्रवान होता है, वहां बच्चों की शिक्षा भी अच्छी होती है । जो अध्यापक शराब पीता है, बीडी–सिगरेट पीता है, झूठ बोल–सा है, उसका प्रभाव बच्चों के ऊपर अच्छा ––ही हो सकता चाहे पाठ्यक्रम कितना ही अच्छा क्यों न हो । ऐसे वातावरण में बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते । (विध्न)

Mr. Deputy Speaker : Order Please.

चौधरी गया लाल : उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि अगर अध्यापक अच्छा चरित्रवान हो, अच्छा बुद्धिमान हो तो वह शिक्षा अच्छी देता है । कई बार ऐसी शिकायतें हमारे पास आती हैं कि मास्टर शराब पीता है, जुआ खेलता है और अन्य

किस्म के दुराचार करता है । कई बार ऐसे अध्यापकों के खिलाफ केस तो बनते हैं लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसे अध्यापकों के विरुद्ध सरकार को सक्त से सक्त एक्शन लेना चाहिए । जो अह–पपक स्कूल के समय में दुराचार करता हुआ मित्ने उसको नौकरी से तुरन्त निकाल देना चाहिए, उसको डिस– मिस कर देना चाहिए । शिक्षा प्रणाली में अध्यापक का दर्जा गुरु का दर्जा होता है । गुरु जिस तरीके की शिक्षा देता है उसी तरीके से शिष्य अपने जीवन में काम करता है । अगर शिक्षक महान होगा तो शिष्य भी महान कार्य करेगा । अगर शिक्षा गलत होगी तो वह गलत काम करेगा ।

उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक पाठ्यक्रम का संबंध है, इसके बारे में भी मैं एक सुझाव दूंगा । प्राचीन काल में बड़े बड़े महर्षि और दूसरे महापुरुष गुरुकुल– में पढ़ाया करते थे । 6 साल– की उमर में बच्चा गुरुकुल में दाखिल हो जाता था और जब तक शिक्षा समाप्त नही होती थी तब तक वह वही रहता था । उसे दुनिया से कोई मतलब नहीं होता था । आजकल भी कुछेक गुरुकुलों में इसी तरह की पढ़ाई होती है । वहां बच्चों का ठीक पालन पोषण किया जाता है, उसे दूसरी जगह जाने नहीं दिया जाता । अच्छे विचार उन्हें बताये जाते हैं । व्या– यान आदि की शिक्षा भी उन्हें दी जाती है । इसलिए मैं समझता हूं कि नैतिक शिक्षा के लिए गुरुकुल शिक्षा का पाठ्यक्रम ही लाभदायक हो सकता है ।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब सदन कल प्रातः काल साढ़े नौ बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है ।

13.30 बजे

(तत्पश्चात सदन शुक्रवार दिनांक 26–3–1982 को प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थागित हुआ)